दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 11 | अंक : 278 | टोंक | शनिवार,22 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## देश-प्रदेश में उत्साह के साथ मनाया योग दिवस

# नई योग इकोनॉमी को बढ़ते देख रही दुनिया : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देश-दुनिया में योग को लेकर उत्साह बना हुआ है। इस बीच श्रीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष योग कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में योग के विस्तार से सभी पुरानी धारणाएं बदली हैं। योग अब सीमित दायरे से बाहर निकल रहा है। पीएम मोदी ने योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे कश्मीर आने का सौभाग्य मिला है। हमें योग से जो शक्ति मिलती है, मैं श्रीनगर में उसे महसूस कर रहा हूं। मैं देश के सभी लोगों और दुनिया के कोने-कोने में योग करने वालों को कश्मीर की धरती से योग दिवस की बधाई देता हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है। उन्होंने कहा कि मैं अब दुनिया में जहां भी जाता हूं, वैश्विक नेता अब योग की बातें करते हैं। जिसे भी मौका मिलता है, वह योग की चर्चा शुरू कर देता है। दुनियाभर से लोग ऑथेंटिक योग सीखने भारत आते हैं। आज पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा है। योग अब लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है।



### पीएम मोदी ने डल झील के किनारे योग किया

देश-प्रदेश सहित पूरे विश्व में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया। पहले यह कार्यक्रम डल झील के किनारे 6:30 बजे होना था, लेकिन बारिश की वजह से इसे हॉल में शिफ्ट कर दिया गया। यह सुबह करीब 8 बजे शुरू हो पाया। हॉल में करीब 50 लोग और हॉल के बाहर करीब 7 हजार लोगों ने पीएम मोदी के साथ-साथ योग के मुश्किल आसन किए। इसके अलावा आईएनएसए विक्रमादित्य पर नौसेनिकों ने सुबह करीब 7 बजे योग किया। लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब पैंगॉन्ग झील के किनारे आईटीबीपी के जवानों ने अलग-अलग आसन कर 10वां योग दिवस मनाया। 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी है।

पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर जम्मू-कश्मीर में हैं। 2013 के बाद से यह उनकी जम्मू-कश्मीर की 25वीं यात्रा है। वहीं 2019 में अनुछेद 370 को निरस्त करने के बाद 7वीं यात्रा है। चुनाव आयोग सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाने की तैयारियां कर रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का यहां जाना और योग दिवस जैसे इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होना पॉजिटिव मैसेज माना जा रहा है।

# सभी स्वस्थ रहें, मस्त रहें : सीएम

## मंत्रियों से नहीं हुआ वृक्षासन : राज्यपाल ने कुर्सी पर किया योग



जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

भारत का योग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिए एक बार फिर दुनिया से जुड़ा। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद श्रीनगर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में योग किया। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राजस्थान की राजधानी जयपुर के SMS स्टेडियम में भी राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के साथ ही कई जनप्रतिनिधि और पुलिस, प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया योग

विश्व योग दिवस के मौके पर राजस्थान में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्स्र् स्टेडियम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कैबिनेट के साथियों के साथ योग किया। राज्यपाल कलराज मिश्र भी कार्यक्रम में अलग-अलग योग क्रियाएं करते नजर आए।

### मंत्रियों को करनी पड़ी खासी मशक्कत

वृक्षासन के दौरान मंत्री अविनाश गहलोत दूसरे पांव रखने के बार-बार प्रयास करने के बाद भी सफल नहीं हुए। इसी आसन में मंत्री मदन दिलावर को भी परेशानी आई और वे भी केवल कोशिश करते नजर आए। योगा अभ्यास के दौरान नेता व मंत्री एक दूसरे को भी देख रहे हैं। अलग-अलग प्रैक्टिस के दौरान सीएम की योग पॉजिशन पर भी सभी की निगाहें दिखीं।



### राज्यभर में 25 लाख लोगों ने किया योगाभ्यास

आयुष विभाग द्वारा दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' थीम पर पूरे प्रदेश में उत्साह एवं संकल्प के साथ शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार 25 लाख प्रतिभागीयों द्वारा पूरे राज्य में योगाभ्यास किया। योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री एवम आयुष मंत्री श्री प्रेमचन्द बैरवा के गरिमामय सानिध्य में सपंन्न हुआ। आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 06 .30 बजे योग प्रोटोकॉल के अनुसार श्री बालकृष्ण बैराठी एव श्री मेघ सिंह चौहान के निर्देशन में एक साथ 9220 प्रतिभागीयों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। राज्यपाल महोदय द्वारा संकल्प पत्र का वाचन किया गया। शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## CSIR-UGC-NET की परीक्षा स्थगित:25-27 जून के बीच होना था एग्जाम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** NTA ने शुक्रवार को शाम 8.30 बजे CSIR UGC NET परीक्षा स्थगित कर दी। यह एग्जाम 25-27 जून के बीच होना था। परीक्षा स्थगित करने की वजह रिसोर्सेस की कमी बताई गई है। साथ ही ह्ङ्क ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के लिए रिवाइज्ड शेड्यूल की घोषणा जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट csir-net.nta.ac.in पर की जाएगी। दो दिन पहले 19 जून को गड़बड़ियों की आशंका के बाद NTA ने UGC NET परीक्षा रद्द की थी।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने NEET काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर एक बार इनकार कर दिया है। एक स्टूडेंट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। स्टूडेंट का कहना था कि 773 कैंडिडेट्स बिना ग्रेस मार्क्स पाए फेल हुए हैं। पूरी परीक्षा रद्द कर दोबारा कराई जाए। 8 जुलाई को केस पर सुनवाई होनी है ऐसे में 6 जुलाई से शुरू हो रही काउंसलिंग भी 2 दिनों आगे बढ़ाई जाए।

## मोदी सरकार के खिलाफ NSUI ने निकाला मशाल जुलूस:प्रदेश अध्यक्ष जाखड़ बोले- रद्द करें NEET

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नीट परीक्षा को लेकर देशभर में विरोध बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को जयपुर में नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए NSUI ने राजस्थान यूनिवर्सिटी से शहीद स्मारक तक मशाल जुलूस निकाल विरोध जताया। NSUI कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर मोदी सरकार ने नीट का पेपर रद्द कर फिर से परीक्षा का आयोजन नहीं किया। तो NSUI देशभर में मोदी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी।

NSUI के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि नीट परीक्षा में बड़ी धांधली हुई है। मोदी सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। जिसे NSUI किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। जाखड़ ने कहा कि नीट परीक्षा में दिल्ली, पटना, झारखंड के कई सेंटर पर एक ही क्रम में बैठे होना, अभ्यर्थियों के 720 में से 720 नम्बर आना भर्ती परीक्षा में संदेह पैदा करता है। नीट परीक्षा में जो अभ्यर्थी परीक्षा के लिए देरी से पहुंचे, उनको NTA ने किस आधार पर बोनस अंक दिए हैं। इसका भी अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। जिसके बाद कई परीक्षार्थियों ने आत्महत्या की है, ऐसे में सरकार को नीट भर्ती परीक्षा को तुरन्त प्रभाव से रद्द करना चाहिए। जाखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार को नीट परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को आर्थिक मुआवजा देना चाहिए।

## जयपुर समेत 8 जिलों में तेज बरसात : चित्तौड़गढ़ में घरों और दुकानों में भरा पानी, कोटा में 4 घंटे तक बरसे बादल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में प्री मानसून की एक्टिविटी लगातार दूसरे दिन जारी रही। जयपुर, कोटा, अजमेर, नागौर, अलवर, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर और टोंक जिले में तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में सुबह 11 बजे तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश के कारण घरों और दुकानों में पानी भर गया। कोटा के रामगंजमंडी में सुबह 9 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ, जो करीब 4 घंटे तक जारी रहा। इसके कारण शहर की पंचमुखी पुलिया पर 2 फीट तक पानी भर गया।

मौसम केंद्र जयपुर ने आज 26 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत में सक्रिय हुए वेस्टर्न डिस्टरबेंस और पूर्वी भारत से आ रही नमी वाली हवाओं से मानसून पूर्व की बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम केंद्र जयपुर ने अगले 4 दिन यानी 24 जून तक प्रदेश में इसी तरह का मौसम रहने और आंधी-बारिश चलने की संभावना जताई है।





## सम्पादकीय

# बेरोजगार युवा और हमारी शिक्षा पद्धति

कुछ बेरोजगारी स्वाभाविक होती है। युवाओं में स्वाभाविक बेरोजगारी दर कुल स्वाभाविक दर से अधिक हो सकती है। परंतु, भारत में वास्तविक आंकड़े चौंका देने वाले हैं। स्नातक उत्तीर्ण युवाओं में एक तिहाई से थोड़े कम बेरोजगार हैं और माध्यमिक या उच्च माध्यमिक उत्तीर्ण युवाओं में पांच में एक बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। आखिर, यह हालत क्यों हैं और इसके समाधान के लिए क्या किया जा सकता है? रोजगार बाजार में मांग और आपूर्ति पक्ष दोनों ही महत्त्वपूर्ण हैं। हालांकि, यहां चर्चा रोजगार की मांग पर केंद्रित रहेगी। कई युवा रोजगार की तलाश कर रहे है मगर वास्तव में रोजगार की उनकी मांग केवल सांकेतिक ही मानी जा सकती है। यह अलग बात है कि ऐसे लोग पूरी गंभीरता से रोजगार की तलाश में जुटे रहते हैं। रोजगार की मांग वास्तविक तब होती है जब उपयुक्त हुनर, शिक्षा और भविष्य में कुछ संभावित योगदान देने में सक्षम लोग जीविकोपार्जन का माध्यम यानी नौकरी तलाश रहे होते हैं। उक्त बातों पर विचार करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि रोजगार की मांग वास्तव में अधिक नहीं है। इसका कारण बिल्कुल सीधा-सपाट है। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा केवल कुछ सीमित छात्रों तक ही उपलब्ध है। कई नियोक्ता विभिन्न तरीकों से इन अच्छे उम्मीदवारों को नौकरियों की पेशकश करते हैं। इस समस्या की जड़ कहीं और है। युवा बेरोजगारी उन लोगों में अधिक देखी जा रही है जिनके पास डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाणपत्र तो हैं मगर वे सही मायने में शिक्षित या हुनरमंद नहीं हैं। मगर इन छात्रों एवं उनके परिवारों के बीच धारणा यह है कि उन्हें अच्छी नौकरी मिलनी चाहिए।

दुर्भाग्य से यह एक सुहावना विचार है और संभवत: एक कटु सत्य भी है। यहां उद्देश्य ऐसे छात्रों या उनके परिवारों को और दुखी नहीं करना है। ऐसे लोगों की हालत के लिए शिक्षा पद्धति में मौजूद त्रुटियां जिम्मेदार हैं। ये त्रुटियां एक दिन में नहीं बल्कि समय के साथ अपनी जड़ें जमाती गई हैं। वास्तव में शिक्षा प्रणाली में संकट की स्थिति है मगर अफसोस कि यह समाचार माध्यमों की सुर्खी नहीं बन पाती है। वस्तुत: कहीं न कहीं शिक्षा प्रणाली बीमार है और इस संदर्भ में भीषण युवा बेरोजगारी इसका एक लक्षण है। अक्सर यह लक्षण समाचार माध्यमों का ध्यान खींचता है मगर बीमारी पर कोई चर्चा नहीं होती है। शिक्षा पद्धति से जुड़ी इन सभी समस्याओं का क्या निराकरण हो सकता है? हमें शिक्षा की संरचना में व्यापक बदलाव करने होंगे, यद्यपि यह काम चरणबद्ध तरीके से करना होगा। शिक्षा पर सरकार की तरफ से अधिक व्यय करना महत्त्वपूर्ण है मगर केवल इससे बात नहीं बनने वाली है। हमें दूसरे कदम भी उठाने होंगे, जैसे शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण नीति का विकल्प खोजना होगा। शिक्षा में राजनीति एवं विचारधारा कम करनी होगी। यह मामला उन पाठ्यक्रमों से भी जुड़ा हुआ है जिनकी पेशकश की जाती है और जिनकी नहीं की जाती है। इसके साथ ही संकाय सदस्यों की नियुक्ति एवं प्रोन्नति पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यहां तक कि शैक्षणिक संस्थाओं के लिए भूमि आवंटन नीति पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

# क्या कनाडा व भारत के बीच बिगड़ते रिश्ते कभी बनेंगे?

**कहते है समय के साथ बिगड़े संबंध सुधरने की उम्मीद बनी रहती है पर कनाडा लगातार कुछ न कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे भारत के साथ उसके अच्छे रिश्ते रखने की मंशा पर संदेह बढ़ जाए। कुछ समय पहले उसने अपने यहां मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बता डाला था। भारत के विरोध के बाद भी वो बेसिर-पैर बातें करता रहा। अब कनाडाई संसद में इसी आतंकी की पहली बरसी पर दो मिनट का मौन रखा गया। ये एक तरह का इशारा है कि तुम्हारे यहां जिसे आतंकी माना जाएगा, हम उसे ही पालेंगे-पोसेंगे। उस देश की सरकार का खालिस्तानी एक्सट्रीमिस्ट से रिश्ता कई दशकों से चला आ रहा है।**

अशोक भाटिया



कनाडा और भारत के बीच तनावपूर्ण संबंधों की ओर बढ़ने के संकेत नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तब स्पष्ट हो गए थे, जब अन्य पश्चिमी नेताओं के विपरीत, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता नहीं की थी। इसके बजाय, दोनों नेताओं ने शिखर सम्मेलन के मौके पर एक-दूसरे के साथ गंभीर चिंताएं व्यक्त की थीं, जहां मोदी ने अपने कार्यालय के अनुसार कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने का मुद्दा उठाया था ।विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-कनाडा संबंध - ऐतिहासिक रूप से व्यापार और कनाडा में एक बड़े भारतीय प्रवासियों की उपस्थिति से प्रेरित - हाल केवर्षों में धीरे-धीरे खराब हो गए , भारत के दावों के कारण कि कनाडा ने सिक्ख अलगाववादी आंदोलन के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा दिया है, और कनाडा के प्रति-दावों ने आरोप लगाया और कनाडा ने भारतीय अधिकारियों पर उसकी घरेलू राजनीति में दखल देने का इल्जाम लगाया था। यह रिश्ता तब चरमरा गया, जब ट्रूडो ने कनाडाई संसद के सामने एक विस्फोटक बयान दिया कि कनाडा ओटावा के एक प्रमुख सिक्ख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने के लिए नई दिल्ली के खिलाफ कनाडाई खुफिया से विश्वसनीय आरोप लगा रहा था। ट्रूडो की टिप्पणियों के तुरंत बाद कनाडाई सरकार ने एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया और भारत ने एक बयान जारी कर तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसमें निज्जर की मौत में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया गया और एक अनाम वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया गया।

जब वर्तमान कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तानियों को सपोर्ट करते हैं, तो वे केवल अपने पिता पियरे ट्रूडो के नक्शे-कदम पर चल रहे होते हैं । दो बार देश के लीडर रह चुके पियरे ने जब दूसरी बार पद संभाला, जब भारत में खालिस्तानी आंदोलन सिर उठाने लगा था। भारत की सख्ती से डरे हुए चरमपंथी कनाडा भागने लगे। ये उनके लिए सेफ हेवन था, जहां पहले से ही उनकी कम्युनिटी राजनीति से लेकर स्थानीय तौर पर भी पैठ बना चुकी थी। गौरतलब है कि पंजाब में आतंक मचाए हुए इन लोगों को रोकने के लिए सरकार कई कदम उठा रही थी । इसी दौर में ऑपरेशन ब्लू स्टार हुआ । अलगाववादी इसके बाद दल के दल कनाडा चले गए और वहीं से तैयार की एक खौफनाक हमले की योजना । कनिष्क प्लेन ब्लास्ट । विमान में सवाल 329 लोगों की मौत को ऑपरेशन ब्लू स्टार की जवाबी कार्रवाई की तरह देखा गया । हालांकि कनाडा सरकार ने पूरे मामले पर लीपापोती कर दी । 23 जून 1985 को एयर इंडिया का विमान मांट्रियल से मुंबई आ रहा था, जिसे आयरलैंड के समुद्र के ऊपर 31 हजार फीट पर बम से उड़ा दिया गया । घटना में सभी 329 लोगों की मौत के बाद मामला तब गरमाया, जब इसके खालिस्तानी कनेक्शन की बात पता लगी । ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए ही एक्सट्रीमिस्ट्स ने विमान में बम रखा था । भारत ने कई बार मामले की जांच करवानी चाही, लेकिन कनाडा ढील देता रहा । यहां तक कि भारत सरकार ने जब खुद जांच करनी चाही तो कनाडा ने कानूनी अड़चनें पैदा कीं । इकनॉमिक टाइम्स ने सीनियर कनाडाई पत्रकार टैरी मिलेव्स्की की किताब ब्लड फॉर ब्लड- फिफ्टी ईयर्स ऑफ ग्लोबल खालिस्तान प्रोजेक्ट के हवाले से बताया है कि परमार खुलेआम कहता था कि भारतीय विमान हवा में टपकेंगे। जब अलगाववादी भारत को नुकसान पहुंचाने की योजना बना रहे थे, तत्कालीन ट्रूडो सरकार आराम से बैठी हुई थी। पुलिस तक कथित तौर पर ये तक बात पहुंची कि एयर इंडिया प्लेन में ब्लास्ट हो सकता है । कनिष्क हमले के बाद कई सबूत मिले, जो जान-बूझकर या लापरवाही में गायब हो गए । ये जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो का दौर था । 9/11 के बाद दुनिया का सबसे बड़ा आतंकी हमला कहलाते कनिष्क ब्लास्ट में केवल एक खालिस्तानी आतंकवादी तलविंदर सिंह परमार को कुछ समय के लिए सजा हुई, बाद में उसे भी आरोप मुक्त कर दिया गया । विमान ब्लास्ट के बाद एक इंक्वायरी कमेटी बनी, जिसके हेड जस्टिस जॉन मेजर ने साल 2010 में अपनी रिपोर्ट दी। इंक्वायरी कमेटी ने सीधे कहा कि कनाडाई पुलिस और खुफिया विभाग को टैरर अटैक की जानकारी थी। न तो उन्होंने हमला रोका, न ही इसकी साफ जांच होने दी। खुद भारत सरकार की ओर से जस्टिस बीएन कृपाल की अध्यक्षता में बने जांच आयोग ने भी पाया कि ये टैरर अटैक ही था, जो ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला था। ट्रूडो सीनियर के ही समय में साल 1974 में भारत के न्यूक्लियर वेपन टेस्ट पर कनाडा ने नाराजगी जताते हुए न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम के लिए अपना सपोर्ट हटा लिया था। काफी बाद में पीएम मनमोहन सिंह के समय में दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट वापस से साइन हुआ। भारत की आजादी और विभाजन के बाद भी कनाडा ने कश्मीर मसले पर पाकिस्तान का पक्ष लिया था। 1960 के दशक में वहां लिबरल पार्टी की सरकार आई। उसे मैनपावर की जरूरत थी, जो हिंदुस्तान जैसे देश से उसे कम कीमत पर मिल रहा था । उसने भारतीयों के लिए वीजा नियमों में काफी ढील दे दी, जिससे पंजाब से जहाज भर-भरकर सिख कनाडा पहुंचने लगे । ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद इनमें चरमपंथी भी शामिल हो गए, जो बाकियों की सोच पर भी असर डालने लगे । सिखों की बढ़ी हुई आबादी को देखते हुए ट्रूडो सीनियर ने उसे अपना वोट बैंक बना लिया। वो हर ऐसा काम करने से बचने लगे, जिससे अलगाववादी नाराज हों। जाहिर तौर पर ये कदम भारत के खिलाफ जाता था। फिलहाल जो हालात हैं, वो कुछ ऐसे हैं कि सरकार और सिख संगठनों दोनों को ही एक-दूसरे की जरूरत है । साल 2019 में चुनाव के दौरान लिबरल पार्टी मेजोरिटी से 13 सीट पीछे थी । ये जस्टिन ट्रूडो की पार्टी थी । तब सरकार को न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी ने सपोर्ट दिया, जिसके लीडर हैं जगमीत सिंह धालीवाल । ये खालिस्तानी चरमपंथी है, जिसका वीजा साल 2013 में भारत ने रिजेक्ट कर दिया था ।सिखों की यही पार्टी ब्रिटिश कोलंबिया को रूल कर रही है । इससे साफ है कि ट्रूडो के पास एंटी-इंडिया आवाजों को नजरअंदाज करने के अलावा कोई विकल्प नहीं । काफी बड़ा वोट बैंक कनाडा में भारतीय मूल के 24 लाख लोग हैं । इनमें से करीब साढे 7 लाख सिख ही हैं । इनकी ज्यादा जनसंख्या ग्रेटर टोरंटो, वैंकूवर, एडमोंटन, ब्रिटिश कोलंबिया और कैलगरी में है । चुनाव के दौरान ये हमेशा बड़े वोट बैंक की तरह देखे जाते हैं । यहां तक कि वहां के मेनिफेस्टो में इस कम्युनिटी की दिक्कतों पर जमकर बात होती है । अक्टूबर 2025 में कनाडा में इलेक्शन्स हो सकते हैं । माना जा रहा है कि वर्तमान सरकार इसलिए भी वहां बसे खालिस्तानी अलगाववादियों को खुश करने के लिए तरह-तरह के काम कर रही है। निज्जर की याद में मौन रखना भी इसी का हिस्सा हो सकता है। वैसे अच्छी बात यह है कि हाल ही में इटली में हुए जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की मुलाकात हुई थी। गत वर्ष सितंबर से दोनों देशों में जारी अनबन के बीच यह दोनों प्रधानमंत्रियों की पहली मुलाकात थी। जी-7 से लौटकर ट्रूडो ने कहा, शिखर सम्मेलन की सबसे अच्छी बात यह है कि आपको विभिन्न नेताओं से सीधे बात करने का मौका मिलता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें।

### वृष
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मिथुन
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

### कर्क
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

### सिंह
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें।

### कन्या
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

### तुला
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

### वृश्चिक
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।


### धनु
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### मकर
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### कुंभ
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### मीन
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

## शख्सियत



सुरेन्द्र प्रसाद
( आरएएस अधिकारी )

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के सुपरस्टार हैं सुरेंद्र प्रसाद जो की राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं मूलत: जयपुर के निवासी हैं प्रसाद। पिताजी ने भी राजस्थान लेखा सेवा में चयनित होकर राज्य सरकार को अपनी सेवाए दी। बीई सिविल इंजीनियरिंग एमबीएम जोधपुर से मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग तत्काल एमआरईसी जयपुर से आरपीएससी से तकनीकी शिक्षा सेवा में चयनपरांत सन 2000 से 2006 तक कोटा में व्याख्याता सिविल इंजीनियरिंग रहे । संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यांत्रिकी सेवा परीक्षा में दो बार अंतिम रूप से अंकित एक बार बोर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन का एक बार सरे ऑफ इंडिया मिला ।सहायक सेटलमेंट ऑफिसर जयपुर से अपने इस करियर की शुरुआत की जहां नायब तहसीलदार सवाई माधोपुर, नायब तहसीलदार अलवर, सहायक सेटलमेंट ऑफिसर जयपुर, तहसीलदार सीकर, तहसीलदार सुजानगढ़ चुरु, तहसीलदार कोटा,तहसीलदार मालाखेड़ा, अलवर रहे । उसके आरएएस प्रमोट हुए और सब डिविजनल ऑफीसर अनूपगढ़ बने, इसके बाद सब डिविजनल ऑफीसर नागौर, सहायक कलेक्टर और एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट अलवर ,एसडीएम किशनगढ़ बास अलवर, एसडीएम लक्ष्मणगढ़ अलवर, एसडीएम बांसवाड़ा,एसडीएम नगर भरतपुर, एसडीएम सीकरी भरतपुर, एसडीएम गोविंदगढ़ अलवर और फिलहाल एसडीएम मुंडावर (खैरथल- तिजारा) जिले में पद को सुशोभित कर रहे हैं।

2013 में उत्तराखण्ड में आयी त्रासदी के दौरान कई दिनों तक राज्य सरकार के आदेशानुसार देहरादून में सेवाएं दी। एसीईएम अलवर के पद पर रहने के दौरान 2018 में विधानसभा आम चुनाव में अलवर शहर का रिटर्निंग अधिकारी के रूप में कार्य 26 जनवरी 2020 को अलवर जिला स्तर पर15 अगस्त 2022 को भरतपुर जिला स्तर पर सम्मानित हुए।

बड़ी बेटी गुंजन प्रसाद को 26 जनवरी 2022 को अलवर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्य के प्रति निष्ठा व लोगों की भावनाओं को समझना और सरल और सहज बने रहकर आम आदमी की परिवेदनाओं को सुनना और उनके निस्तारण के अंतिम छोर तक पहुंचाना सुरेंद्र प्रसाद जी की संस्कारी विशेषताओं में शामिल है ये बहुत हंसमुख ,सरल, सहज और सुलभ प्रशासनिक अधिकारियों में गिने जाते हैं। जहां भी रहे वहां लोगों के दिलों में राज किया आज आप एडेप्वी और भागम भाग के इस युग में एक अधिकारी का अपने कार्य के प्रति संतोष का लेना सबसे बड़ी पूंजी और कला है जिसके लिए सुरेंद्र प्रसाद डिजर्व करते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं और व्यक्तिगत तौर पर मैं बहुत सौभाग्य शाली हूं कि प्रसाद मेरे छोटे भाई की तरह हैं मुझे अपना बड़ा भाई समझते हैं,मुझसे अनन्य प्रेम व स्नेह रखते हैं। मैं व्यक्तिगत उनके सुनहरे भविष्य की कामना करता हूं।

## आज का इतिहास

### 22 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सम्राट हुमायूं ने अपने बेटे अकबर को 1555 में अपने वारिस के रूप में घोषित किया।
- सिसाक की लड़ाई में ईसाइयों की सामुहिक सेना ने 1593 में उस्मानी तुर्कों (ऑटोमन) को हरा दिया।
- येल विश्वविद्यालय में डेल्टा कप्पा एप्सिलन सोसायटी की स्थापना 1844 में हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1870 में संयुक्त राज्य अमेरिकी न्याय विभाग की स्थापना की।
- पुणे में चाफेकर बंधुओं ने 1897 में तत्कालीन जिलाधिकारी वाल्टर चार्ल्स रैण्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 1939 में कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।
- जॉर्ज पंचम का 1911 में राजतिलक हुआ।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी ने 1941 में सोवियत रूस पर आक्रमण किया।
- लिथुआनिया में 1941 को जून विद्रोह शुरू हुआ।
- अमेरिका ने 1944 में सेवानिवृत सैनिकों की मदद के लिए कानून बनाया।
- इंग्लैंड और भारत के बीच 1946 में लंदन के लॉडर्स क्रिकेट मैदान में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच शुरू हुआ।
- ब्रिटिश सम्राट ने 1948 में इम्प्रेरर ऑफ इंडिया शीर्षक को त्यागा।
- भारत के सम्राट का खिताब 1948 में उनकी महामहिम, यूनाइटेड किंगडम के राजा का खिताब से हटा दिया गया है।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1957 में पहली बार आर-12 मिसाइल का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी संगीतज्ञ जॉन लेनन के हत्यारे ने 1981 में अपना अपराध कबूल किया।
- लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से वर्जिन अटलांटिक एयरवेज ने 1984 को पहली उड़ान भरी।
- ईरान में 2002 को आये भीषण भूकम्प में 500 से अधिक लोगों की मौत।
- पूरा ईराक 2005 को विश्व धरोहर सूची में शामिल।
- अमेरिका ने 2006 में मिसाइल रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया।
- सुनीता विलियम्स 2007 में अपनी टीम के साथ धरती पर लौटीं।
- सैय्यद फ़क़ीर हुसैन को बालश्रम की केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड का उपाध्यक्ष 2008 में नियुक्त किया गया।
- उत्पादक एवं निर्यातक देशों के संगठन ओपेक ने 2008 में तेल की क़ीमत बढ़ाकर 137 डॉलर प्रति बैरल किया।
- 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण भारत में 2009 को दिखाई दिया।

## विशेष आलेख

# साल भर में 70 प्रतिशत कम हुआ स्विस बैंकों में जमा भारतीयों का धन




रामस्वरूप रावतसरे

स्विस बैंकों में जमा भारतीयों और भारत की कंपनियों का पैसा साल 2023 के मुकाबले काफी घट गया है। बीते एक साल में इसमें 70 फीसदी की गिरावट आई है, जिसके बाद जमा रकम चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपए) पर आ गई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को यह डेटा जारी किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों की कुल जमा में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट दर्ज की गई है। 2021 में 14 साल के उच्चतम 3.83 अरब स्विस फ्रैंक (359 अरब रुपए) को छूने के बाद, यह गिरावट मुख्य रूप से बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से रखी गए फंड में तेज गिरावट के कारण आई। इसके अलावा, भारत में ग्राहक जमा खातों और अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखी गई धनराशि में भी काफी गिरावट आई है। ये बैंकों द्वारा स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी ) को बताए गए ऑफिशियल आँकड़े हैं और स्विट्जरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आँकड़ों में वह पैसा भी शामिल नहीं है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों के पास तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है।

स्विस नेशनल बैंक द्वारा 2023 के आखिर में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक यानी (9,771 करोड़ रुपए) बताए गए हैं। इनमें ग्राहक जमा में 39.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (36.95 अरब रुपए) से कम होकर 31 करोड़ स्विस फ्रैंक (29 अरब रुपए), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 111 करोड़ स्विस फ्रैंक (102 अरब रुपए) से कम होकर 42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक (40.05 अरब रुपए), न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से 2.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (2.26 अरब रुपए) से कम होकर एक करोड़ स्विस फ्रैंक (93.8 करोड़ रुपए) और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 189.6 करोड़ स्विस फ्रैंक (178 अरब रुपए) से कम होकर 30.2 करोड़ स्विस फ्रैंक यानी 22.31 अरब रुपए हो गए हैं। स्विस नेशनल बैंक के आँकड़ों के अनुसार, साल 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक (609 अरब रुपए) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। इसके बाद 2011, 2013, 2017, 2020 और 2021 सहित कुछ वर्षों को छोड़कर यह ज्यादातर नीचे की ओर ही रही है। स्विस बैंक में जमा रुपयों के मामले में सबसे ऊपर यूनाइटेड किंगडम (यूके ) के नागरिकों का नाम है। इसके बाद अमेरिका और फ्रांस का नंबर आता है। टॉप 10 देशों में इन तीनों देशों के बाद वेस्ट इंडीज, जर्मनी, हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर, लक्जमबर्ग और ग्वेर्नसी का नाम आता है। भारत साल 2022 की लिस्ट में 46वें नंबर पर था, लेकिन ताजी लिस्ट में वो 67वें रैंक पर आ चुका है, यानी कि दूसरे देशों के मुकाबले भारतीयों ने कहीं अधिक धन की निकासी की है। इस बीच, बांग्लादेश और पाकिस्तान के नागरिकों के भी धन में कमी आई है। स्विट्जरलैंड और भारत के बीच कर मामलों में सूचनाओं का आदान-प्रदान 2018 से लागू है। इस ढाँचे के तहत साल 2018 से स्विस वित्तीय संस्थानों में खाते रखने वाले सभी भारतीय नागरिकों की विस्तृत वित्तीय जानकारी पहली बार सितंबर 2019 में भारतीय कर अधिकारियों को प्रदान की गई थी और इसका पालन हर साल किया जा रहा है। इसी क्रम में इस साल के आँकड़े जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि स्विट्जरलैंड में पहले बैंक की स्थापना वर्ष 1713 में की गई थी। वर्तमान में स्विट्जरलैंड में करीब 400 से अधिक बैंक कार्य कर रहे हैं। इन बैंकों को स्विस फेडरल बैंकिंग एक्ट के गोपनीयता कानून के सेक्शन-47 के तहत बैंक अकाउंट खोलने का अधिकार है। हम जिसे स्विस बैंक कहकर बुलाते हैं, दरअसल वो यूबीएस है, जो 1998 में यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड और स्विस बैंक कॉरपोरेशन के मर्जर के बाद अस्तित्व में आया था। स्विस बैंक की गिनती दुनिया के टॉप-3 बैंकों में की जाती है।

## जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक : कन्हैया लाल चौधरी


बढ़ता राजस्थान





**टोंक, (का.स.)।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज विश्व में योग को अपनाया गया है। योग शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक है। योग करने से मन प्रसन्नचित एवं शरीर कई रोगों से मुक्त रहता है। इसलिए सभी को अपने जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। श्री चौधरी ने पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में उपस्थित आमजन को योग करने के लिए प्रेरित किया।

योग दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान कार्यक्रम में योग दिवस के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का प्रदर्शन किया गया तथा नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग के लाभ की जानकारी प्रदान की गई। जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड प्रात:7 बजे से 8 बजे तक किया गया, जिसमें आयुर्वेद विभाग के योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित आमजन को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म योग क्रियाओं के साथ हुई जिसमें विभिन्न चालन क्रियाएं जैसे ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन इत्यादि क्रियाएं करवाई गई। इसके पश्चात कार्यक्रम में योग शिक्षकों द्वारा नागरिकों को ताड़ासन, वृक्षासन, पदहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, शवासन इत्यादि योग आसनों तथा अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया और अंत में ध्यान व शांति पाठ के साथ योगाभ्यास का समापन किया गया। समापन के पश्चात योगा टीम को अल्ट्रा सीमेंट एवं श्री व्यापार महासंघ के द्वारा 2100 रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक संजीन नैन, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, एडीएम सुरेश चौधरी, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, तहसीलदार रामधन गुर्जर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस के जवान सहित बड़ी संख्या में आमजन, महिलाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## शुद्ध आहार-मिलावट पर वार के तहत जिले में स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण के निर्देश पर शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले के निवाई उपखंड में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने जिले के निवाई इंडस्ट्रीज एरिया आईआईडी सेंटर में संचालित पायस डेयरी व लोटस डेयरी एवं देव मिल्क फूड्स के दुग्ध वाहनों का औचक निरीक्षण कर अलग-अलग वाहनों से दूध के 8 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया। साथ ही, जिले में संचालित मोबाईल फूड टेस्टिंग लैब से सभी दुग्ध वाहनों से दूध के नमूनों की मौके पर जांच की गई जिसमें सभी नमूने मानक स्तर के पाये गये। इसी प्रकार निवाई शहर में पुरानी सब्जी मंडी में स्थित फर्म अषमीत टेडिग कंपनी के गोदाम एवं प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर घी कृष्णा एवं सरस ब्रांड के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भिजवाये गये। कार्यवाही के दौरान अविनाश साहू, राजेंद्र सैनी, रामेश्वर व जितेंद्र उपस्थित रहे।

# लाखों की बकाया राशि जमा नहीं कराने पर आबकारी विभाग ने दो शराब की दुकानें सील की

## लगभग 58 लाख रुपया बकाया चल रहा है दो अनुज्ञाधारियों पर





### विभाग ने दी चेतावनी 3 दिन के भीतर बकाया राशि जमा नहीं करवाई तो सख्ती के साथ होगी अग्रिम कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविन्द सिंह सेठी)।** यहां आबकारी विभाग ने शराब की दो दुकानो को 3 दिन के लिए निलंबित कर सील कर दी है । साथ उक्त अनुज्ञाधारियों को चेतावनी दी है कि। तीन दिन के भीतर बकाया राशि 57 लाख 58000 रूपये विभाग में समय रहते जमा नहीं करवाए गए तो अग्रिम कार्रवाई सख्ती से की जाएगी। यहां आबकारी विभाग के सर्किल इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पालना में शुक्रवार को दो शराब की दुकानों पर मदिरा उठाव पर बकाया जमा करने के लिए कार्रवाई की गई हैं। साथ ही देसी मदिरा कंपोजिट शराब की दुकानों को तीन दिन के लिए निलंबित किया गया है।

आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार डिडेल ने जानकारी में बताया कि देवली शहर के पेट्रोल पंप चौराहा कोटा रोड स्थित शराब की दुकान संख्या 5 अनुज्ञाधारी दयाराम सिंह मीणा पर शराब उठाव को लेकर 29 लाख 61 हजार 615 रुपए की राशि बकाया चल रही है। जिसे जमा करने के लिए विभाग ने उक्त अनुज्ञाधारी को कई मर्तबा नोटिस दर नोटिस जारी किए परंतु दुकान संख्या 5 के अनुज्ञधारी दयाराम सिंह मीणा ने समय रहते लाखों रुपए की बकाया राशि जमा नहीं करवाई साथ ही उक्त दुकान में कई अनियमिताएं पाई गई। इस कारण अनुज्ञाधारी के विरुद्ध अभियोग दर्ज किए गए हैं ।तो वही जिला आबकारी अधिकारी बाबूलाल जाट के आदेश पर शुक्रवार को 21 जून से 23 जून तक 3 दिन के लिए दयाराम सिंह मीणा की उक्त शराब की दुकान को निलंबित किया गया है। इसी क्रम में उपखंड क्षेत्र की चांदली ग्राम पंचायत के अनुज्ञाधारी देवराज सिंह मीणा की देसी मदिरा कंपोजिट शराब की दुकान को भी 23 जून तक निलंबित कर सील किया गया है। उक्त अनुज्ञाधारी की दुकान पर जून 2024 तक 27 लाख 96 हजार 685 रुपए का मदिरा उठाव पर विभाग का बकाया कायम है। इस लिए चांदनी गांव की उक्त शराब दुकान को भी निलंबित कर सील की कार्रवाई की गई है। स्थानीय आबकारी पुलिस एवं विभाग के अधिकारियों ने दोनों दुकानों को सील लगाकर बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले आबकारी सर्किल इंचार्ज अशोक कुमार ने देवली ग्राम पंचायत क्षेत्र की देसी मदिरा कंपोजिट शराब की दुकान को 5 दिन के लिए निलंबित कर सील की कार्रवाई की थी। इस दौरान कार्रवाई के बीच देवली ग्राम पंचायत के देसी मदिरा कंपोजिट शराब के अनुज्ञाधारी चंद्रपाल ठागरिया को विभाग कार्यालय में लाखों की बकाया राशि जमा करवानी पड़ी। और विभाग की शर्तों अनुसार देसी मदिरा का उठाव शुरू किया। तब कहीं जाकर विभाग ने देवली ग्राम पंचायत की देसी मदिरा कंपोजिट शराब की दुकान का निलंबन रद्द कर उक्त दुकान को फिर से नियमित कर दिया है ।

## देवली उपखंड में 7 हजार 705 लोगों ने किया योगाभ्यास



बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम दशहरा मैदान में सुबह 6.30 बजे आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका उपाध्यक्ष सौरभ जिंदल, उपखंड अधिकारी दुर्गाप्रसाद मीणा पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह चौधरी एवं भाजपा नेता विजय बैंसला थे। जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर पी एल जांगिड़ ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ-साथ शहर के कई गणमान्य नागरिक एवम जनप्रतिनिधि स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ताओं भाग लिया। इस दौरान योग शिक्षक नवलकिशोर पारीक जितेन्द्र सिंह पल्लवी सिंह ज्योत्सना सिंह अफसाना बानो ने राजकीय प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम के अन्त में पेंशनर्स समाज देवली द्वारा फल वितरण जनसेवा समिति द्वारा मिल्क रोज भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग पीठ द्वारा बिस्किट की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार केन्द्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवली में भी सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनों कार्यक्रमों में 2 हजार 124 महिला-पुरुषों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव उद्बोधन का प्रसारण भी किया गया और उपखण्ड अधिकारी ने शपथ दिलाई।

नोडल अधिकारी पी एल जांगिड़ ने सभी सभी स्वयंसेवी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में देवली उपखण्ड की 40 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें 7705 लोगों ने भाग लिया।

## बालाजी मंदिर से दानपेटी उखाड़ी, ग्रामीण थाना प्रभारी से मिले चोरों का पता तथा वारदात पर अंकुश लगाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** उपखंड क्षेत्र के बीजवाड़ गांव में गत 19 जून की रात चोरों ने गांव में स्थित बालाजी मंदिर को निशाना बनाने का प्रयास किया। चोरों ने यहां रखी दान पेटी को उखाड़ लिया। लेकिन जाग होने के चलते चोर इसे नहीं ले जा सके।

वहीं वारदात का खुलासा करने तथा चोरों पर लगाम लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक ग्रामीण नासिरदा पुलिस थाना प्रभारी से मिले। इस मौके पर पूर्व सरपंच पदम जैन ने बताया कि गत 19 जून की रात 12 बजे बाद 5 चोर बालाजी मंदिर में पीछे की ओर से घुसे। इस दौरान उन्हें मंदिर परिसर में कैमरे लगे दिखने पर वह सभी वापस गए तथा मुंह पर कपड़ा व दुपट्टा लगाकर आए। इस दौरान इन चोरों ने बड़ी इत्मीनान के साथ पानी पिया व दान पेटी तोड़ने लग गए। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों अपने साथ सरिया लेकर आए थे। जिसकी मदद से उन्होंने मंदिर में लगे दान पेटी को उखाड़ लिया।

वहीं इसे ले जाने के लिए चोर लकड़िया लेकर आए। लेकिन इस दौरान समीप के एक ग्रामीण की उन पर नजर पड़ गई। इसे लेकर ग्रामीण ने शोर मचा दिया। पकड़े जाने के भय से पांचो चोर दुम दबाकर भाग छूटे। यह घटना 19 जून की देर रात 12 से एक के बीच की है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके बाद बीजवाड़ से करीब 5 किलोमीटर दूर केकड़ी थाना क्षेत्र के तश्वारिया गांव में भी चोरी हुई है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हुई कि उक्त चोरी में इन्हीं बदमाशों का हाथ है। देर रात ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। नासिरदा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने रात एवं सुबह मंदिर परिसर आकर सबूत जुटाए। इधर, शुक्रवार को सरपंच भंवरलाल कुमावत, पूर्व सरपंच पदम जैन, केदार गुर्जर, हेमराज धाकड़, रामलाल धाकड़, भंवरलाल, सूरजमल, शिवराज गुर्जर, आत्माराम वैष्णव समेत लोग नासिरदा थाना प्रभारी से मिले तथा चोरों को पकड़ने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले समीप की बड़ला गांव स्थित बालाजी मंदिर में भी गत 18 जून की रात वारदात हुई। चोरों ने यहां रखी दान राशि चुरा ली। अब तक मंदिर में तीन बार वारदात हो चुकी है। वही ग्रामीण व मंदिर पुजारी भी थक चुके हैं। लेकिन अभी तक यह चोर पुलिस के हाथ नहीं लगे।

# योग से निरोगी रहती है काया : सुरेशकुमार हरसोलिया

## उपखंड प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने किया योग

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** कृषि उपजमंडी में उपखंड प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें हजारों कर्मचारियों एवं जनप्रतिधियों ने योगाभ्यास किया। समारोह में मुख्य अथिति उपखण्ड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोज योग करना चाहिए। योग से काया निरोगी रहती है एवं मानसिक तनाव दूर होता है। उन्होंने कहा कि योग साधना है। जिससे परमात्मा की प्राप्ति होती है। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर एवं रमेश घायल ने कपालभाति, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, ग्रीवा चालन, उष्ट्रासन, शवासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, स्कंद संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताडासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, उर्द्धचक्रासन, शशकासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार व ध्यानयोग आसन सहित विभिन्न प्रकार के योग करवाए। आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र गुप्ता एवं सहायक नोडल अधिकारी देवेंद्रकुमार शर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में विकास अधिकारी सुनिलकुमार वर्मा, तहसीलदार नरेश गुर्जर, मंडी सचिव कमलकिशोर यादव, राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा, आरआई मनिष गौर, प्रधानाचार्य देवेन्द्रपाल चौधरी, स्वास्थ्य निरीक्षक बाबूलाल पंडा, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, कनिष्ट अभिंयंता राजप्रतापसिंह राणावत, जलदाय विभाग के कनिष्ट अभियंता नितिन जैन, बीसीएमएचओ डॉ. शेलन्द्र चौधरी, अस्पताल प्रभारी डॉ. केके विजय एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरीनारायण मीणा सहित ब्लॉक के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक व सामाजिक संगठनों के कई पदाधिकारियों ने शिविर में भाग लेकर योग किया। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर मदनमोहन महावर ने छात्र-छात्राओं को योग एवं अनुशासन के महत्व को समझाया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक अशोक गुर्जर द्वारा छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों को योग अभ्यास करवाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन व प्रोफेसर अजयकुमार मीना ने छात्र-छात्राओं को मन, शरीर, आत्मा शारीरिक स्वास्थ्य को फिटनेस प्रदान करने के लिए योग की महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## देशभक्ति गीतो की धुन के साथ किया योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा(नि.स.)।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगा फॉर महिला सशक्तिकरण थीम पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से शुक्रवार को योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देशभक्ति गीतो की धुन के साथ योगाभ्यास कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग के लोगों, महिलाओं व बालक-बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। ग्रामीण अंचल में पंचायत स्तरीय आयोजन हुए। योग कार्यक्रमों में योग प्रशिक्षकों की ओर से योग व प्राणायाम का महत्व बताया गया। साथ ही स्वास्थ्य के लिए योग की महत्वता की जानकारी दी। सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों सहित ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास किया गया। सभी कार्यालयों के कार्मिकों, अधिकारियों सहित ग्रामीणों ने के अलावा सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सरकारी स्कूल प्रांगणों में योग शिविर में भाग लिया। योग प्रशिक्षक पूजा पारीक, संतोष चंदेल ने योग व आसन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## योग करने से शरीर को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है : डॉ. अशोक कुमार यादव

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा संस्थानो पर योग को जीवन में अपनाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चिकित्सा संस्थानों व योग स्थलों पर आमजन को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है और इसका नियमित अभ्यास करने से लोग लंबी उम्र तक स्वस्थ व निरोगी रह सकते हैं। योग न सिर्फ शरीर को फिट रखता है, बल्कि मानसिक शांति भी देता है। यह लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने में मदद करता है और कई परेशानियों से राहत दिलाता है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान मंसूरी ने बताया कि अगर रोज 30 मिनट से लेकर 60 मिनट तक योग का अभ्यास किया जाए।



### जयपुर के जंतर मंतर में योग अभ्यास कार्यक्रम

# दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के योग साधको और 16 देशों के विद्यार्थियों के साथ 2500 से अधिक लोगो ने किया योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने 21 जून को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में सुबह 6ः00 बजे से जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजीव शर्मा,ब्रह्मकुमारी संस्था से दीदी बी. के. लक्ष्मी,अपैक्स विश्विद्यालय के डीन एकेडमिक एयर कॉमन्डेड देवेन्द्र शेखावत, जन्तर मन्तर, जयपुर की अधीक्षक प्रतिभा यादव ने योग अभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा :** इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। जिससे सामान्य जन अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहकर बीमारियों से दूर रह सकें। संस्थान में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों के साथ 16 देशों के 70 से अधिक विद्यार्थियों और जंतर मंतर के प्रांगण में उपस्थित सामान्य जनता ने भी इस कार्यक्रम में एक साथ योगभ्यास करके आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया और इसे नियमित करने का प्रण लिया। संस्थान में अध्यनरत विदेशी छात्रों ने सोशल मीडिया के द्वारा अपने परिवार जनों को इस कार्यक्रम में जोड़कर उनको योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह से ऐसा लगा कि पूरा विश्व आज योगमय होने के साथ-साथ जयपुर के जंतर मंतर में उतर आया हो।कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्था से दीदी बी. के. लक्ष्मी ने दैनिक जीवन योग की महिमा को बताते हुए उपस्थित सभी योग साधकों को ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा नियमित रूप से किए जाने वाले मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। अपैक्स विश्विद्यालय के डीन एकेडमिक Air Commerrde देवेन्द्र शेखावत ने आज के आधुनिक युग मे मानसिक और शारीरिक रोगों को पारिवारिक विघटन का कारण बताया और कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिये नित्य प्रतिदिन योगाभ्यास सभी को करना चाहिये। योगाभ्यास कार्यक्रम में निश्चित योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करने के पश्चात राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वस्थवृत एवं योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दुर्गावती ने उपस्थित सभी योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापन दिया, और बताया कि जो लोग नित्य प्रति योग करना चाहते हैं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की सुबह की योगा क्लास में जुड़ सकते हैं।

# आर.ओ.बी. सिविल लाईन्स 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य करवाये जा रहे है। जिससे आमजन की राह सुगम हो रही है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि जेडीए द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य के तहत जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-सवाई माधोपुर रेलमार्ग पर आर.ओ.बी सिविल लाईन्स का निर्माण करवाया जा रहा है। जेडीसी ने बताया कि जमनालाल बजाज मार्ग पर गर्डर लॉंचिंग चल रही है एवं शीध्र ही स्लैब का कार्य शुरू किया जायेगा। साथ ही रेलवे पोर्शन में पाईल का कार्य प्रगतिरत है। जैकब रोड पर 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आर.ई.वॉल का कार्य प्रगति पर है। जेडीए द्वारा कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे है। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जेडीसी मंजू राजपाल द्वारा निरंतर बैठक एवं मॉनिटरिंग करते हुए प्रोजेक्ट का कार्य तीव्रगति से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे है। आर.ओ.बी की चौड़ाई 17.10 मी. एवं लम्बाई 706.00 मी. प्रस्तावित है। आर.ओ.बी में वायाडक्ट की लम्बाई 381.28 मीटर होगी,



जिसमें 17 स्पान होंगे। रेलवे स्पान की लम्बाई 34.78 मी. तथा अन्य स्पान की लम्बाई 25.00 मी. होगी। साथ ही दोनों ओर 5.50 मी. सर्विस रोड़ का निर्माण कराया जायेगा। इस आर.ओ.बी के निर्माण से जैकब रोड़ से जमनालाल बजाज मार्ग से यातायात का निर्बाध रूप से आवागमन होता रहेगा। जिससे एल.सी. बंद होने की स्थिति में जैकब रोड़, जमनालाल बजाज मार्ग, परिवहन मार्ग एवं सवाई प्रताप मार्ग पर जाम होने वाला यातायात सुगम हो जायेगा।

### रजत महल विराजमान महोत्सव हुआ संपन्न

# भोलेनाथ का सहस्त्रगढ़ बधाई गान के हुए आयोजन श्री अटल बिहारी महाराज की हुई महाआरती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** किशनपोल बाजार सोंखियों का रास्ता बिहारी जी के मंदिर में दस दिवसीय नवनिर्मित रजत महल विराजमान महोत्सव संपन्न हुआ । मंदिर के प्रवक्ता सचिन महाराज ने बताया कि श्री अटल बिहारी जी महाराज को नवनिर्मित रजत महल में विराजमान कराया । महोत्सव के समापन अवसर पर महंत नरेंद्र महाराज के सानिध्य में भोलेनाथ का सहस्त्रगढ़ हुआ । विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ भगवान शिव का गंगाजल विभिन्न तीर्थ स्थलों के जल फलों के रस से अभिषेक किया। अभिषेक के पश्चात भगवान की फूल बंगले की आकर्षक झांकी सजाई । भगवान



को ठंडी तासीर वाली व्यंजनों का भोग लगाया । मंदिर में विराजमान हनुमान के फुल बंगले की झांकी सजा कर लड्डुओं का भोग लगाया । सुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में बधाई गान महोत्सव हुआ । महोत्सव मे कपड़े खिलौने सूखे मेवे फल खिलौने की जमकर उछाल हुई । ठाकुर जी के समक्ष भक्तों ने नाच कर अपनी हाजिरी लगाई ।विराजमान महोत्सव में राजस्थान के संत महंतों का आगमन सत्संग प्रवचन हुए । महोत्सव में पधारे संत महंतों का माला दुपट्टा प्रसाद शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । महोत्सव महंत नरेंद्र महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ । मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ । पूरे मंदिर परिसर को विशेष लाईटो चुन्नीयो बंदरवाल से सजाया ।

# दो अलग-अलग केसेज में 26वें हफ्ते में जन्में मात्र 510 ग्राम के शिशु

## डॉक्टर्स ने दिया नया जीवन, सी के बिरला हॉस्पिटल में हुए दो दुर्लभ केस हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने तक दोनों शिशुओं का वजन पहुंचा 1.70 किलो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बांदीकुई में सुनीता (परिवर्तित नाम) और जयपुर में सरोज (परिवर्तित नाम) की प्रेग्नेंसी के 26वें हफ्ते में ही डिलीवरी करनी पड़ गई जिसके कारण उन्होंने अत्यंत प्रीमेच्योर शिशु को जन्म दिया। जन्म के समय उनके शिशुओं का वजन सिर्फ 510 ग्राम था और उनके जीवित रहने की संभावना ना के बराबर थी। लेकिन जयपुर के सीके बिरला हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टर्स एवं एन .आई.सी. यू की टीम ने अथक प्रयास कर न केवल दोनों शिशुओं की जान बचाई, बल्कि उनका वजन 1.7 किलो तक बढ़ा कर उन्हें घर भेजा। हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक एंड नियोनेटोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. जेपी



दाधीच और एडिशनल डायरेक्टर डॉ. ललिता कनोजिया ने ये दोनों सफल केस किए।

**कई समस्याओं का सामना कर शिशुओं को बचाया :** डॉ. जेपी दाधीच ने बताया कि जब दोनों शिशुओं को यहां रैफर किया गया तो हमने उन्हें तुरंत वेंटीलेटर पर लिया क्योंकि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उनके अंग भी पूरी तरह से विकसित नहीं थे। फेफड़ों को विकसित करने के लिए कुछ जीवनरक्षक दवाएं दी गई। शिशुओं को करीब 70 दिन तक अलग अलग तरीकों से रेस्पिरेटरी सपोर्ट दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान शिशु की खुराक को भी संतुलित बनाए रखना बड़ी चुनौती थी क्योंकि 26 हफ्ते में शिशु की आंतें पूरी तरह से विकसित नहीं होती हैं इसलिए शुरू में माँ का दूध कम मात्रा में दिया गया एवं उन्हें कई हफ्तों तक नसों के माध्यम से भी खुराक दी गई। कुछ समय बाद शिशुओं को मां का दूध ज्यादा मात्रा में दिया जाने लगा और नसों के माध्यम से दी जाने वाली खुराक धीरे धीरे बंद कर दी गई।

**खून नहीं बन पा रहा था तो किया गया ट्रांसफ्यूजन :** डॉ. ललिता कनोजिया ने बताया कि इतने कम समय में शिशु के शरीर में अपने आप खून नहीं बन पाता है इसीलिए उन्हें बीच-बीच में कई बार रक्त भी चढ़ाया गया। वे अपना ब्लड प्रेशर भी अपने आप मेंटेन नहीं कर पा रहे थे जिसे डॉक्टर्स ने दवाओं के माध्यम से नियंत्रित किया। इस दौरान शिशुओं की आंखों की जांच करने पर सामने आया कि उनकी आंखों में रैटीनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी नामक बीमारी भी थी जिसका लेजर थैरेपी से इलाज किया गया।

### 100 दिन के हुए शिशु, तब हुए डिस्चार्ज

जब दोनों बच्चे 100 दिन के हुए और उनका वजन 1.7 किलो तक आ गया तो उन्हें हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। डिस्चार्ज के वक्त शिशु पूरी तरह से मां का दूध पी रहे थे और अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं । डॉक्टर्स ने जानकारी दी कि इतने कम वजन और समय से जल्दी पैदा होने वाले बच्चों के जीवित रहने की संभावना बहुत कम होती है, लेकिन डॉक्टर्स एवं नर्सिंग टीम के अथक प्रयासों के बाद हम शिशुओं को बचाने में सफल रहे।

# होमगार्ड से मारपीट कर कार सवार बदमाश छीन ले गए 72 हजार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना इलाके में कार सवार बदमाश एक होमगार्ड के जवान से मारपीट कर 72 हजार रुपए छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार मालपुरा टोंक निवासी हेमराज ने मामला दर्ज करवाया कि वह 200 फीट बाइपास हीरापुरा में नर्सरी पर होमगार्ड के रुप में तैनात है। 20 जून को वह अपने घर जा रहा था। भूराजी विहार नायरा पेट्रोल पम्प के पास एक कार में सवार होकर कुछ बदमाश आए और उससे मारपीट कर उससे 72 हजार रुपए छीनकर ले गए। घटना केबाद पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

# राजस्थान में टॉप 25 वांटेड अपराधियों में शामिल 50 हजार के इनामी तस्कर को उदयपुर में पकड़ा

## कोटा के मकबरा व गुमानपुरा थाने में है वांछित, रेंज स्तर पर टॉप 10 में है शुमार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने कोटा शहर में मकबरा थाने के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 4 साल से व गुमानपुरा थाने में 3 साल से वांछित 50 हजार रुपए के इनामी तस्कर मुनव्वर हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन निवासी वक्फ नगर थाना दादाबाड़ी कोटा को उदयपुर जिले में सूरजपोल थाना इलाके से पकड़ा है। पकड़ा गया तस्कर राज्य स्तर पर टॉप 25 एवं रेंज स्तर पर टॉप 10 वांटेड की श्रेणी में शामिल है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पकड़े गए तस्कर मुनव्वर हुसैन के विरुद्ध कोटा शहर के मकबरा व गुमानपुरा थाने में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। इन दोनों प्रकरणों से पहले भी आरोपी एनडीपीएस एक्ट के मामले में 10 वर्ष की जेल काट चुका है। लंबे समय से वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गत वर्ष 3 अगस्त को कोटा रेंज आईजी द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

प्रदेश में सक्रिय गैंगस्टर, हार्डकोर बदमाश, हिस्ट्रीशीटर, तस्करों आदि के बारे में आसूचना संकलन के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीमों को अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। इसी दौरान डीआईजी क्राइम योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मलिक के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य कांस्टेबल मोहनलाल को फरार तस्कर के बारे में पुख्ता आसूचना प्राप्त हुई।

इस पर एडिशनल एसपी राजेश मलिक के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कृष्ण गोपाल, करणी सिंह एवं कांस्टेबल सोहन देव व मोहनलाल की एक टीम गठित कर सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए उदयपुर रवाना की गई। गठित टीम द्वारा विषम परिस्थितियों में वेश बदलकर अपनी पहचान छुपाते हुए शुक्रवार को सूरजपोल थाना क्षेत्र से आरोपी तस्कर मुनव्वर हुसैन को डिटेन कर लिया।

# जयपुर ग्लो वॉक रविवार को विधायक गोपाल शर्मा और डिप्टी मेयर दिखाएंगे हरी झंडी

## 1.25 किमी. ग्लो वॉक की जय क्लब से होगी शुरूआत, ग्लो स्टिक व निऑन टी-शर्ट के साथ वॉक करेंगे वॉकर्स

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जय क्लब द्वारा जयपुर रनर्स क्लब के सहयोग से गुलाबी नगरी में शनिवार शाम को जयपुर ग्लो वॉक का आयोजन किया जाएगा। नाइट वॉक और फिटनेस पार्टीज को बढ़ावा देने के लिए इस विशेष इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। नाइट वॉक शाम को 7.30 बजे शुरू होगी जिसे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा- विधायक सिविल लाइंस और पुनित कर्णावत- डिप्टी मेयर जयपुर नगर निगम हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 1.25 किलोमीटर की यह वॉक जय क्लब से शुरू होकर निर्धारित स्थान पर समाप्त होगी। इस वॉक में 500 से अधिक वॉकर्स ग्लो स्टिक और निऑन टी-शर्ट के



साथ वॉक करेंगे। ग्लो वॉक में जयपुर रनर्स क्लब के सदस्य भी भाग लेंगे। इसके बाद जय क्लब में फिटनेस पार्टी का भी आयोजन किया गया है जिसे ग्लो मटेरियल के साथ सेलिब्रेट किया जाएगा।

**फिटनेस पार्टी में शामिल होंगे वॉकर्स :** कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जय क्लब ग्लो वॉक के कनविंनर अंशुल जैन, जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया, को-फाउंडर मुकेश मिश्रा और कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा बागड़ा ने बताया कि क्लब मेंबर्स में हेल्थ के प्रति जागरूकता और फिटनेस पार्टीज के चलन को बढ़ाने के उद्देश्य से इस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर क्लब पर पहुंचकर जयपुर ग्लो वॉक की समाप्ति होगी। वॉक के बाद सभी वॉकर्स फिटनेस पार्टी में शामिल होंगे।

**जयपुर सांसद ने किया पोस्टर लॉन्च :** जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने एक होटल में जयपुर ग्लो वॉक के पोस्टर का विमोचन किया था। इस मौके पर उप महापौर पुनित कर्णावत, पंडित सुरेश मिश्रा, जयपुर रनर्स से साधना आर्या, रवि गोयनका, मुकेश मिश्रा, दीपक शर्मा, प्रवीण तिजारिया एवं वॉक कन्विनर अंशुल जैन उपस्थित रहे। एक अन्य पोस्टर लॉन्च सेरेमनी में जय क्लब के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता अध्यक्ष, मनोज दासोत सचिव, अनिल शर्मा कोषाध्यक्ष, संजय अजमेरा संयुक्त सचिव खेल, राजीव नागोरी संयुक्त सचिव एडमिन, अंशुल जैन कार्यकारी सदस्य एवं ग्लो वॉक प्रोजेक्ट निदेशक, जे आर सी के को-फाउंडर मुकेश मिश्रा और क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया मौजूद रहे।

# नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्याम नगर थाना इलाके में फ्रेंडशिप कर एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। होटल में मिलने बुलाकर आरोपी ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया। शादी करने का झांसा देकर लगातार देहशोषण करता रहा। मामले की जांच थानाधिकारी कैलाश चन्द कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि बांरा निवासी 31 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह वैशाली नगर में रहकर एक कंपनी में जॉब करती है। अप्रैल-2022 में फोन कॉल के जरिए उसकी बातचीत नादिर हुसैन उर्फ अरहान खान से हुई थी। मना करने के बाद भी आरोपी नादिर उसे बार-बार कॉल करने लगा। बातचीत कर आरोपी नादिर ने उससे फ्रेंडशिप कर ली। करीब तीन महीने बाद मिलने के बहाने श्याम नगर इलाके में स्थित होटल में बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया। होश आने पर विरोध करने पर आरोपी नादिर ने शादी करने का वादा किया। अपने घरवालों से मिलवाकर उसको विश्वास तक दिलाया। शादी करने का झांसा देकर लगातार देहशोषण करता रहा। पीड़िता के शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने श्याम नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# किशन महल मे सजा बाबा श्याम का दरबार, बाबा शाम को लगाया खीर चूरमे का भोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** लखदातार महिला मंडल द्वारा किशन महल गार्डन गोनेर रोड पर बाबा श्याम का वार्षिक उत्सव मनाया बाबा श्याम का भव्य सिंगार किया गया अखंड ज्योत जलाई गई चूरमा और खीर का भोग लगाया गया भजन गायक राहुल खंडेलवाल द्वारा कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है भजन गाकर श्रोताओं को नाचने के लिए मजबूर किया और मीनू जायसवाल ने झोली भर दे रे श्याम भारी झोली भर दे भजन गाकर श्रोताओं का मन मोहलिया मंडल परिवार की वर्षा जायसवाल कौशल्या देवी जयसवाल प्राची जयसवाल ममता जायसवाल राधा देवी जयसवाल काफी मंडल परिवार की महिलाओं ने प्रोग्राम में आकर आनंद लिया।



# अस्पताल के टॉयलेट में मिला युवक का शव, डॉक्टर को दिखाने आया था युवक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कोतवाली थाना इलाके में अस्पताल के टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। युवक डॉक्टर को दिखाने अस्पताल आया था। सफाई के दौरान शव मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मुर्दाघर में रखवाया। घटना गणगौरी अस्पताल की है। थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि त्रिपोलिया बाजार में स्थित गणगौर हॉस्पिटल के टॉयलेट में युवक की लाश मिली है। टॉयलेट में युवक की लाश मिलने का पता चलने पर हॉस्पिटल में मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 9 बजे अस्पताल प्रशासन ने टॉयलेट में लाश मिलने की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने पर हॉस्पिटल की ओपीडी के टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौका पर पहुंच कर सबूत जुटाए। मृतक की पहचान बनवारी (40) निवासी लक्ष्मणगढ़ अलवर के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया। प्रथमदृष्टया जांच में आया है कि मृतक बनवारी जयपुर में एक ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था।

# पटवारी छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की राजसमंद टीम ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुये कार्यालय तहसीलदार कुभलगढ़(अतिरिक्त चार्ज पटवार मण्डल बड़गांव, कोयल, ओलादर व कालिंजर) जिला राजसंमद पटवारी अशोक कुमार को परिवादी से छह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की राजसमंद टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में पटवारी अशोक कुमार आठ हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी राजसमंद टीम के अतिरिक्ति पुलिस आधीक्षक हिम्मत सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुए पटवारी अशोक कुमार को छह हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर न्यूक्लियर फ्यूल कांप्लेक्स में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महर्षि अंगिरा योग संस्थान के योगाचार्य राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में मनाया गया । परियोजना निदेशक जी गणेश ने दीप प्रज्वल कर योग शिविर का शुभारंभ प्रात: 5.30 पर किया । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योगाचार्य ने योग की जानकारी दी । प्रधानमंत्री का संदेश गणेश द्वारा पढ़ा गया ।



योग शिविर में महिला योग प्रशिक्षक नेहा पांडे ने भी योग प्रशिक्षण दिया । योग शिविर में आए सभी को साधकों को एनएफसी द्वारा टी-शर्ट का वितरण किया गया । प्रात: 11.00 से 12 .30 बजे तक न्यूक्लियर फ्यूल कांप्लेक्स में योग स्वयं और समाज के लिए व्याख्यान योगाचार्य राधेश्याम शर्मा द्वारा शर दिया गया जिसमें उन्होंने योग की संपूर्ण जानकारी देते हुए अष्टांग योग, आहार, निद्रा ,ब्रह्मचर्य के सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्वस्थ रहने के टिप्स बताएं । न्यूक्लियर फ्यूल कंपलेक्स द्वारा श्री शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

# भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अंता द्वारा मनाया गया योग दिवस



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी अंता द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेमजी तालाब गार्डन पर सुबह 6.30से 7.30 तक योग शिविर का आयोजन किया गया ।प्रशिक्षक अंता रनर्स चेरिटेबल के सदस्य अर्जुन बंजारा के द्वारा शिविर सम्पन्न करवाया गया ।मंडल अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने बताया कि योग करने से शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है चित्त शांत व एकाग्र रहता है व वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली मैं बीमारियों से मुक्त रहने के लिए योग व प्राणायाम आवश्यक है ।इसलिए हमें इसे अपने जीवन की आवश्यक नित्य कर्म में शामिल करना चाहिए ।कार्यक्रम में धनराज चौरसिया, रवि शर्मा,धर्मेन्द्र तिवारी, राहुल पंवार,शिवस्वरूप शर्मा,नन्दकिशोर नायक, श्याम जादम,सुरेश महावर ,आदि ने शिविर में भाग लिया।

# श्रीनाथपुरम स्टेडियम में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को कराया गया योगाभ्यास



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** योग दिवस पर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार द्वारा खिलाड़ियों को श्रीनाथपुरम स्टेडियम में योग की बारीकियों से अवगत कराया गया साथ ही सूर्य नमस्कार की 12 व्रतियों में संपूर्ण योग के सार को दर्शाते हुए योग के प्रति जागरूक किया गया ।अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि आज विश्व में फैलने वाली बीमारियों में यह एक ऐसा साधन है जिससे हर बीमारी से लड़ने की ताकत जुटाई जा सकती है साथ ही मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य भी बढ़ाया जा सकता है। ताइक्वांडो खिलाड़ियों की दैनिक चर्या में योग को एक अहम हिस्सा मानते हुए प्रतिदिन योगासन के पश्चात ही ताइक्वांडो ट्रेनिंग कराई जाती है। ताइक्वांडो आत्मरक्षा की एक विधा है और योग उसमे अनुशासन लाने का साधन।

# राष्ट्रीय ध्वज का अपमान, सरपंच सहित चार लोगों पर मामला दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम जयसिंहपुरा में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान करने के आरोप में ग्राम सरपंच देवकरण मान सहित तीन अन्य लोगों के खिलाफ पनियाला पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि सरपंच और अन्य आरोपी तिरंगे को पैरों में बिछाकर उस पर ताश खेल रहे थे। जब गांव के कुछ लोगों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना का साक्ष्य एक विडियो के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से तिरंगे का अपमान होते हुए दिखाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सरपंच को ऐसा न करने की सलाह दी, लेकिन इसके बदले उन्हें जान से मारने की धमकी मिली।

पनियाला पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज का अपमान गंभीर अपराध है। इस मामले में शामिल सभी आरोपियों से पूछताछ की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दुनिया को भारत की महान और महत्त्वपूर्ण देन है योग : राठौड़

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में हुए अनेक कार्यक्रम, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में पुलिस लाइन में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम





बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग की ओर से दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिलेभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान की महान भारतीय परम्परा में महर्षि पतंजलि ने योग का प्रवर्तन किया तो महर्षि अरविंद ने दुनिया को योग से परिचित करवाया। योग इस दुनिया को भारत की महान एवं महत्त्वपूर्ण देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव से आज दुनिया के 182 देश योग दिवस मना रहे हैं, यह बड़ी महत्त्वपूर्ण बात है। योग व्यक्ति के तन-मन को स्वस्थ बनाए रखता है और एक सकारात्मक व रचनात्मक व्यक्तित्व का निर्माण करता है। हम सभी को अपने जीवन में योग का स्थान देना चाहिए।

### दुनियाभर में दक्ष योग प्रशिक्षकों की मांग

विशिष्ट अतिथि पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि उन्होंने दुनिया के अनेक देशों में अपनी ट्रेनिंग की है, वहां योग को बहुत महत्त्व मिल रहा है। दुनियाभर में दक्ष योग शिक्षकों की बड़ी डिमांड है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया में बढ़ावा देने में बड़ी अहम भूमिका निभाई है। योग से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है तथा एकाग्रता आती है।

### प्रोटोकॉल अनुसार किया योगाभ्यास

कार्यक्रम में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र प्रभारी डॉ संतरा जाट ने प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। इस दौरान ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, जानु संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, अनुलोम विलोम, शीतली आदि व्यायाम आसन कराए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तम सिंह राठौड़ ने आभार जताया। संचालन मनीष दाधीच ने किया।

**बड़ी संख्या में रही मौजूदगी**-इस दौरान जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, एसपी जय यादव, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया, प्रधान दीपचंद राहड़, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, ओम सारस्वत, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, चंद्राराम गुरी, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, योग प्रशिक्षक भावना सांकरोत, योग प्रशिक्षक पुष्पा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अरविंद ओला, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक डॉ एमआर महला, डीबी जनरल अस्पताल के अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, डॉ कमल वशिष्ठ, डॉ कपिल वर्मा, सीडीईओ जगबीर यादव, विक्रम गुर्जर, जब्बार खान सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, पुलिसकर्मी, विद्यार्थी, पत्रकार एवं आमजन मौजूद रहे।

## मिलावट के खिलाफ अभियान

# डी मार्ट एवं खण्डेलवाल एण्ड कंपनी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर कार्यवाई की गई। नकली घी के मामले में सरस डेयरी की ओर से डी मार्ट एवं कूकर खेड़ा स्थित खण्डेलवाल एण्ड कंपनी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर प्रो-वैदिक घी का स्टॉक सीज किया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में कार्यवाई लगातार जारी है। प्रदेशभर में नकली घी को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि डी मार्ट के मालवीय नगर जयपुर के स्टोर पर गुरूवार को सरस और प्रो-वैदिक ब्रांड का नकली घी सीज किया था और डी मार्ट के एरिया मैनेजर से जयपुर स्थित सभी स्टोर्स पर मौजूद घी के स्टॉक की जानकारी मांगी गई थी। मैनेजर ने 2700 लीटर का स्टॉक होना बताया। इस स्टॉक को सीज करने के लिए एक ही जगह एकत्र करने के निर्देश डी-मार्ट के एरिया मैनेजर को दिये गए थे, लेकिन डी मार्ट द्वारा शुक्रवार सुबह ट्रांसफर नोट द्वारा घी का स्टॉक वेंडर को वापस कर दिया गया। इस पर डी मार्ट के विरुद्ध नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि जिस फर्म से डी मार्ट द्वारा सरस घी खरीदा गया है, वह फर्म सरस डेयरी की अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर नहीं है और वहां कार्टूनों में नकली घी के डिब्बे बरामद हुए हैं। सरस डेयरी द्वारा खंडेलवाल एंड कंपनी और डी मार्ट के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। नकली घी की सूचना पर दौसा एवं निवाई सहित अन्य जगहों पर भी टीमें भेजी गई हैं और समस्त राजस्थान में सूचना देकर प्रो वेदिक घी को सीज करवाया जा रहा है।

डी मार्ट के लालकोठी स्थित स्टोर पर भी 600 लीटर सरस घी संदेह के आधार पर सीज किया और सैम्पल लिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, अमित शर्मा, देवेन्द्र एवं लोकेन्द्र शामिल रहे।

### आइपर मार्ट पर भी लिए सैम्पल

श्री पंकज ओझा ने बताया कि आइपर मार्ट, सिरसी रोड पर नकली सरस घी की सूचना पर और कानोता स्थित गोदाम पर भी टीम भेजी गई। यहां सरस घी का स्टॉक सही पाया गया। फिर भी एहतियातन आइपरमार्ट के सिरसी रोड के स्टोर से सरस और गोरस घी के सैंपल लिए गए हैं। आइपर मार्ट में टैगोर ब्रांड का नकली तेल पाए जाने पर 4 लीटर तेल सीज करके सैंपल लिया गया है। जोधपुर में भी 103 लीटर अमानक प्रोवैदिक घी सीज किया गया है।

### मानसरोवर में मिठाई के सैम्पल लिए

इसी प्रकार जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में श्री अमर मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई कर अखरोट बर्फी, पनीर, उपयोग लिए गए खाद्य तेल, इमरती आदि के सैम्पल लिए गए हैं। यहां रसोई में वाशिंग एरिया मानक स्तर का नहीं पाया गया। लाइसेंस उपयुक्त स्थान पर चस्पा नहीं था। किचन में उपयोग लिये जा रहे पानी की वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट पुरानी थी।

# स्टेट हाईवे पर सड़क की मरम्मत, डामरीकरण को लेकर चल रहा आंदोलन स्थगित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कुचामन-सीकर स्टेट हाइवे पर कोटपुतली के गांव नारेहडा में गड्ढों में तब्दील स्टेट हाइवे की मरम्मत को लेकर पिछले पांच दिनों से चल रहे आंदोलन को लिखित समझौते के बाद स्थगित कर दिया गया। एसडीएम कोटपूतली बृजेश चौधरी ने धरनार्थियों को ज्यूस पिलाकर आंदोलन को समाप्त कराया। धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने धरने के दौरान किसी भी तरह की किसी को भी आयी कठिनाई के लिए क्षमा याचना की और सभी का धन्यवाद दिया ।आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर बाबूलाल चौधरी, एसडीएम कोटपुतली बृजेश चौधरी, डीवाईएसपी राजेन्द्र बुरड़क, तहसीलदार सौरभ गुर्जर, सरूण्ड थाना प्रभारी इमरान खान समेत अन्य अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। एक घंटे तक चली बातचीत के बाद लिखित समझौता हुआ। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने लिखित में दिया कि इस सड़क को फोर लेन बनाने का प्रस्तावित टेंडर सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही सबसे पहले नारेहडा में ही काम शुरू किया जाएगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो 1 जुलाई से टू-लेन मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा। धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि सड़क की खराब हालत के कारण दुकानदार, राहगीर और आसपास के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। यहाँ की दमा, श्वास, सिलिकोसिस, चर्मरोग, एलर्जी जैसी प्राणघातक बीमारियों की असली वजह यह स्टेट हाइवे है। सुनवाई न होने पर मजबूरन इतनी गर्मी में धरना प्रदर्शन करना पड़ा ।धरना शुरू होने के बाद से ही स्टेट हाइवे पर एंबुलेंस, सवारी गाड़ी, खाद्य सामग्री, रोडवेज बसों के अलावा सभी ट्रकों और भारी वाहनों का संचालन बंद रहा। आसपास के ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर आंदोलन में हिस्सा लिया। स्थानीय भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने जनहित के मुद्दों पर ध्यान देते हुए स्थानीय विधायक हंसराज पटेल और सांसद राव राजेन्द्र सिंह से वार्तालाप कर धरनार्थियों और जनता की पीड़ा को अवगत कराया। कल जिला कलेक्टर की जन सुनवाई में विधायक हंसराज पटेल ने नारेहडा धरना के मुद्दे पर जोरदार तरीके से समाधान की मांग की। इसके बाद आज सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना स्थल पहुंचकर सुनवाई की और लिखित समझौता हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**सरदारशहर( सुरेश शर्मा )।** स्थानीय बाबू शोभाचंद जम्मड भवन में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाकम्भरी विद्यापीठ एवं लोक रंजन परिषद के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग गुरु राधेश्याम भार्गव के निर्देशन में सैकड़ों योग साधकों ने योगासनों का अभ्यास किया एवं उनसे होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारम्भ लोकरंजन परिषद के शंकरलाल प्रेमाणी, शाकम्भरी विद्यापीठ के प्रधानाचार्य भारत गौड़, योग गुरु राधेश्याम भार्गव, चंपालाल सोनी, जगदीश प्रसाद प्रजापत, सरोज पारीक आदि ने दीप प्रज्वलन कर किया। योग साधिका विपाशा प्रेमाणी ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर उपस्थित योग साधकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सभापति राजकरण चौधरी, मधुसूदन राजपुरोहित, योगाचार्य महेंद्र शर्मा, आलोक सिंह, फूसराज स्वामी, ताराचंद महर्षि, संपत जांगिड़, अमित शर्मा, गोविन्द गौड़, विमल जम्मड, बाबूलाल प्रजापत, ललित जोशी, मानक चंद शर्मा, हरीश शर्मा, सुरेंद्र सिंह, चांदरतन मिश्र सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर अनेक योग साधकों ने योग के द्वारा उनके जीवन में आए परिवर्तन के बारे में अपने अनुभव बताएं। कार्यक्रम के समापन सत्र में योग गुरु राधेश्याम भार्गव, मोहनलाल शर्मा, वैद्य महेंद्र शर्मा, फूसराज स्वामी, सरोज पारीक, बिपाशा प्रेमानी आदि को शाकम्भरी विद्यापीठ परिवार की ओर से योगाचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

**मालसर मे मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालसर मे अंताराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इस अवसर वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ राकेश अत्रि, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी लोकेश शेखावत, योग प्रशिक्षक सुरेश कुमार शर्मा, हरिराम पुरोहित, मुखराम सिद्ध, रामकुमार सिद्ध, लालचंद जाखड़, मनोज टांडी, बनवारीलाल पांडिया, विनोद पांडिया, मुकेश पारीक, भागीरथ मेघवाल, सुरेंद्र मेघवाल, जगदीश गुसाईं, रामावतार, भंवराराम, राजुनाथ सिद्ध, मुखराम, रामेश्वरनाथ, वीरेंद्र, लोकेश, प्रवीण, टीकूनाथ, रामा स्वामी, माया पारीक, प्रिया सुथार, टीनू पारीक, वसुंधरा, रानी, पूनम, धापी, जमना, प्रीति, अजंता आदि उपस्थित रहे।

## महंत नवलगिरी महाराज की 41 दिन की पंच धूणा तपस्या की पूर्णाहुति आज

**नटवाड़ा( नि.स. )।** नटवाड़ा कस्बे में स्थित बड़े तालाब पर तपस्वी नागा महंत नवलगिरी महाराज की 41 दिन की पंच धूणा तपस्या का समापन शनिवार को पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर शनिवार की प्रातः 4 बजे नगर प्रभात फेरी निकाली जावेगी। इसके बाद जलधारा अभिषेक करने के बाद शांति हवन तथा नजर भंडारे का आयोजन किया जावेगा। साधु समागम के बीच देश के कई राज्यों से सैकड़ों की संख्या में साधुओं का समागम होगा। साधु समाज की परंपराओं के अनुसार भंडारे व अनुष्ठानों का आयोजन किया जावेगा।

# मानसून की पहली ही बारिश मे व्यापारियों की दुकानों मे भरा पानी



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** पिछली सरकार मे हुए अंधे और अव्यवस्थित विकास कार्यों का खामियाजा बाजार क्षेत्र के व्यापारियों को भुगतना पड़ा । मानसून की पहली ही बारिश मे व्यापारियों की दुकानों मे पानी भर गया। व्यापारियों ने सदर बाजार व्यापार संघ अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन से संपर्क किया हर्ष जैन मौके पर पहुंचे और व्यापारियों का सहयोग किया और मौके पर नगर पालिका जेईएन को बुलाकर व्यापारियों की समस्या से अवगत करवाया और मौके पर जेसीबी बुलवाई । नगर पालिका जेईएन अरविन्द तोमर ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया और व्यापारियों को जल्द ही नाले की सफाई करवाने और नाले नालियो काव्यवस्थित रूप से निर्माण करवाने का आश्वासन दिया।

# सेवा सप्ताह के रूप में मनाएंगे सांसद राव राजेंद्र का जन्मदिन

**पावटा ( नि.स. )।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा के सांसद राव राजेंद्र सिंह का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा । वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया 26 जून को सांसद राव राजेंद्र का जन्मदिन है । आगामी 24 जून से 30 जून तक जयपुर ग्रामीण में कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे जिसके तहत गौसेवा, वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छता सेनानियों का सम्मान समारोह, संत एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, सभी अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । गौरतलब है कि आगामी 26 जून को जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेंद्र सिंह का जन्मदिन है जिसको लेकर सभी कार्यकर्ता उत्साहित है सेवा सप्ताह कार्यक्रम की रूपरेखा की बैठक के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश यादव, दाताराम गुर्जर, गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा बाबूजी, लोकेश शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, मोहन कौशिक,कमल गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**Rajasthan Grameen Aajeevika Vikas Parishad**
(3rd Floor,RFC Block, Uduog Bhawan,Tilak Marg Jaipur, Rajasthan Phone No. 2227416)
F. No. : - F.8(15)/RD/RGAVP/job basis/2015/5230 Date : 21.06.2024
**Notice Inviting BID**
RGAVP has invited to Call open competitive BID for Hiring Agency To Provide Job Basis Support Staff To RGAVP. Detailed BID & specification for the bidders can be seen and downloaded from RGAVP website & portal http://sppp.rajasthan.gov.in. eproc.rajasthan.gov.in & RGAVP Website
Interested Firm /Agency may submit their proposal eproc.rajasthan.gov.in "BID of the Last date and time for the submission of BID is June 25, 2024, 03.00 P.M.
NIB code – RGA2425A0042
UBN – RGA2425SLOB00047
Project Director (Admin)
RGAVP
Raj.Samwad/C/24/1141

# नेता प्रतिपक्ष जूली बोले नीट शिक्षा का आपातकाल देश के भविष्य को कुचलने का घृणित प्रयास

## केंद्र की लंगड़ी- कमजोर सरकार की पहली कमजोरी उजागर, तत्काल होनी चाहिए निर्णायक कारवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नीट परीक्षा में पेपर लीक की घटना को केंद्र की जोड़तोड़ की नई सरकार की कमजोरी पहला असर बताया है। जूली बोले यह शिक्षा का आपातकाल और देश के भविष्य को कुचलने का घृणित प्रयास है। उन्होंने कहा कि केंद्र की लंगड़ी - कमजोर सरकार की पहली कमजोरी उजागर हो गई है जिस पर तत्काल निर्णायक कारवाई होनी चाहिए। जूली ने इसे देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि देश की प्रतिष्ठित परीक्षा के आयोजन में इस प्रकार का भ्रष्टाचार और घोटाला देश के 24 लाख विद्यार्थियों के साथ धोखा व अन्याय है। जूली ने बोले केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने पर महाघोटाला उजागर होने के 17 दिन बाद भी परीक्षा रद्द नहीं किए जाने से छात्रों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ की 67 विद्यार्थियों के शत प्रतिशत नंबर आए हों, इससे ऐसा लगता है कि वृहद स्तर पर पेपर लीक गिरोह सक्रिय था और उसने परीक्षा से पूर्व ही पेपर लीक कर ईमानदार विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। जूली ने कहा कि केंद्र सरकार के मंत्री राज्यों पर हमेशा यह आरोप लगाते रहे हैं कि उनके यहां होने वाली परीक्षाओं के पेपर लीक होते हैं, जिससे लाखों छात्रों का जीवन बर्बाद हो गया है, लेकिन आज देश की प्रतिष्ठित परीक्षा प्रणाली पर यह आरोप लगाए जा रहे हैं कि नीट का पर्चा परीक्षा से पहले ही लीक हो गया है। उन बच्चों और उनके परिवार पर क्या बीत रही होगी जो पूरे साल कड़ी मेहनत करते हैं और बाद में पता चलता है कि उनके साथ धोखा हो गया है। मां ने अपना कलेजा चीरकर तो पिता ने अपने सपनो का गला घोंटकर अपने बच्चे के भविष्य के लिए भारी भरकम फीस भरकर तैयारी करवाई थी आज उनका यह सपना इस सरकार के राज में सपना ही रह गया। जूली ने कहा कि यह बड़े अचरज की बात है कि पहले तो परीक्षा की आवेदन तिथि को 7 दिन बढ़ाया गया, इसके बाद गुपचुप तरीके से 24 दिन बाद एक दिन के लिए रजिस्ट्रेशन को खोला गया ताकि अपने चहेतों का रजिस्ट्रेशन करवाया जा सके। इस एक दिन के लिए खोले गए रजिस्ट्रेशन में 24 हजार 246 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया, इनमें से कितने छात्र ऐसे होंगे जिन्हें समय की बर्बादी का लाभ देकर ग्रेस मार्क्स दिए गए होंगे, यह गहन जांच का विषय है, सरकार को इस बात की जांच करवानी चाहिए कि इस 1 दिन के लिए खोले गए रजिस्ट्रेशन में आवेदित आवेदकों में से कितने क्वालीफाई हुए और कितने टॉप रैंकर रहे। जूली ने कहा कि उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात में समान रैंक वालों के रोल नंबर काफी करीबी हैं। 10 डिजिट के रोल नंबर में अंतिम तीन अंक ही अलग है बाकी समान हैं। यह समानता बताती है कि छात्रों को संभवतः एक ही सेंटर अलॉट हुआ है, यानि एक सेंटर से नीट के दो-दो टॉपर निकले हैं। हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र झज्जर से 6 टॉपर निकले हैं इनमें से दो टॉपर ऐसे हैं, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं।



जूली ने बताया कि उड़ीसा, कर्नाटक और झारखंड के 16 छात्रों को अपने स्थान से 1000 किलोमीटर दूर गुजरात के गोधरा में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए है। अभ्यर्थियों को पास कराने के एवज में लाखों रुपए वसूले जाने के सबूत मिलना और मनचाहा सेंटर अलाट होना परीक्षा में गहरी साजिश की ओर इशारा करता है, जबकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री और एनटीए इंकार करते रहे कि पेपर लीक नहीं हुआ, लेकिन जब अभ्यर्थियों और पटना पुलिस द्वारा सबूत जुटाए गए तो उन्होंने माना की गड़बड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट तक ने कहा है कि यदि परीक्षा में .001% भी चूक हुई है तो एनटीए इसे माने और सुधार करे, लेकिन इस जोड़तोड़ की कमजोर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी और हजारों परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। इस परीक्षा की निष्पक्षता संदेह के घेरे में आने के बावजूद सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाना यह साबित करता है कि इस अनियमितता में सरकार एवं एनटीए के अधिकारियों की संलिप्तता है। जूली ने कहा कि पेपर लीक के मामलों पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली भाजपा सरकार की आज कलई खुल गई है। आज यह सबके सामने आ गया है कि सरकार में बैठे लोग किसी भी अवसर का फायदा उठाने से नहीं चूक रहे, उन्हें विद्यार्थियों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। यह स्वार्थी गठबंधन की कमजोर भाजपा सरकार के सत्ता संभालते ही भ्रष्टाचार और महाघोटाले का पहला उदाहरण है।

## बिना मानक और पंजीयन के संचालित चिकित्सा संस्थानों पर लगाया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक स्तरीय टीमों द्वारा निजी चिकित्सीय संस्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें निम्न संस्थान का क्लीनिकल एस्टाबिलिसमेन्ट एक्ट 2010 के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। क्लीनिकल एस्टाबिलिसमेन्ट एक्ट 2010 के अनुसार चिकित्सा विभाग में पंजीयन बिना चिकित्सीय संस्थान संचालित किये जाने पर प्रथम दृष्टया 50 हजार रुपये राशि का जुर्माना/अर्थदंड दिये जाने का प्रावधान है। जिसके तहत चिकित्सीय संस्थान न्यू कृष्णा हॉस्पीटल, बालाजी हॉस्पीटल एवं सोनोग्राफी सेन्टर, परी पैथेलोजी सैपऊ, एएस क्लीनिक मरैना, बालाजी लैब जाटोली, कप्तान सिंह मेडिकल क्लिनिक खेड़ली राजाखेड़ा, डॉ. दिनेश सिंह लोधी क्लिनिक सहजपुर पिपरी राजाखेड़ा, बांके बिहारी पैथालॉजी सरानी खेड़ा पर 50-50 हजार रूपये राशि अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसके अतिरिक्त सुप्रिया नर्सिंग होम तथा शिवम पैथालोजी सिकरोंदा मोड राजाखेडा को न्यूनतम मानकों व मापदण्डों के अभाव में संचालित किये जाने के कारण क्लीनिकल एस्टाबिलिसमेन्ट एक्ट 2010 के तहत 10-10 हजार रूपये राशि अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## भगवान परशुराम शोभा यात्रा एवं 2 दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह आज से

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपखण्ड मुख्यालय पर भगवान परशुराम शोभायात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का 2 दिवसीय आयोजन शनिवार से शुरु हो जाएंगे।सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली जाने वाली परशुराम शोभायात्रा रविवार 23 जून को निकाली जायेगी। 2 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन आज शनिवार से सुबह 10 बजे से परशुराम धर्मशाला में प्रारंभ होगा। परशुराम शोभा यात्रा के संयोजक चंद्र मोहन पचौरी एवं आयोजन समिति के धर्मेन्द्र बिधौलिया ने बताया कि 23 जून रविवार को भगवान परशुराम की शोभायात्रा शाम 4 बजे से परशुराम धर्मशाला से शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली जायेगी । रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह दस बजे से भगवान परशुराम जी के पूजन से होगी, जिसमे स्थानीय लोगो के साथ जिले व प्रदेश स्तर के लोग भाग लेंगे।

## पौधारोपण अभियान का आगाज़ सिंह द्वार अलवर से

### विज्ञानं भारती द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय अलवर में एक बैठक का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ अलवर।** विज्ञान भारती, हैनिमन चेरिटेबल मिशन सोसाइटी एवं अन्य सरकारी व गैर सरकारी संगठन मिलकर के 1 करोड़ पौधे 'धरती बचाओ पेड़ लगाओ' अभियान के तहत राजस्थान के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सघन वृक्षारोपण की द्रष्टि से ऑक्सी-ज़ोन बनाने के कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका अदा कर रहा है । इस कार्यक्रम को गति देने हेतु विज्ञानं भारती द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय अलवर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे यह निर्णय लिया गया कि विज्ञान नगर अलवर में स्थित द्धुञ्ज के अधिग्रहण में आने वाले भूमि क्षेत्र में सघन ऑक्सीजन-पार्क तैयार किया जायेगा । बैठक की अध्यक्षता विज्ञान भारती के संगठन महासचिव डॉ0 मेगेन्द्र शर्मा ने की । एक बड़ा भव्य कार्यक्रम प्रदेश पर्यावरण की दृष्टि से 'धरती बचाओ पेड़ लगाओ' के अंतर्गत आयोजित किया जायेगा, जिसमें वन मंत्री, विभिन्न विश्वविद्यालय, ह्लह्व, समाज सेवक,उद्योगपतियों तथा आम जन मानस के सहयोग से पौधरोपण व रखरखाव दोनों विषयों को पूर्ण किया जायेगा । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता ने बताया कि इस सघन वृक्षारोपण अभियान में गौमाता के गोबर से बनी जैविक खाद का उपयोग किया जायेगा अलवर प्रदेश में हर जिला मुख्यालय पर पौध भण्डारण व खाद भण्डारण के डिपो तैयार किये जायेंगे । उक्त डिपो के माध्यम से ही जिले में वितरण व्यवस्था तथा ग्राम स्तर पर कमेटियों के माध्यम से पेड़ पौधों के रखरखाव हेतु व्यवस्थाएं बनाई जाएँगी । इसी अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला का अवलोकन व भ्रमण कर गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

# बहरोड़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया योग दिवस पर दिव्यांग बच्चों ने भी किया योगाभ्यास





बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़( सुभाष यादव )।** महात्मा गांधी स्कूल स्टेडियम में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। जहां योगाचार्य के आर शर्मा द्वारा यौगिक क्रियाएं करवाई गई और उनके मानुष्य जीवन में होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इसका आयोजन उपखंड़ प्रशासन, नगर परिषद और आयुर्वेद विभाग के द्वारा किया गया।

एसडीएम रामकिशोर मीणा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इसलिए मनाया जाता है ताकि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। हमारे जीवन में हजारों समस्याएं, मानसिक विषाद, टेंशन और हजारों तरह की बीमारियां है। पिछले काफी समय से सरकार यह चाहती है कि हमारा देश और हमारा नौजवान स्वस्थ रहे। वह हमारे देश, परिवार और समाज के लिए स्वस्थ रहकर अपना योगदान दे। आपसे यही निवेदन है कि योग्य व्यायाम को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। अगर आप दोनों समय नहीं कर पाते हैं, तो एक समय अवश्य करें। निश्चित ही आपके जीवन और स्वस्थ में यह योग परिवर्तन ला सकता है।योग एक व्यायाम ही नहीं, एक साधना है। जिसे आप पूजा पद्धति के रूप में कर सकते हैं। जीवन में नई समस्या और ओजस ग्रहण होगा। इस दौरान तहसीलदार अभिषेक यादव, डीएसपी कृष्ण कुमार, प्रिंसिपल महिपाल यादव, बीसीएमओ डॉ रविकांत यादव,एडवोकेट बस्तीराम यादव, प्रधान सरोज यादव, पंडित अशोक बोहरा, उमेश शर्मा, बीडीओ देवेंद्र यादव, आरपी राकेश यादव, नगर परिषद एईएन राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

**योग दिवस पर दिव्यांग बच्चों ने भी किया योगाभ्यास :** मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दसवें विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में मंथन स्पेशल स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. पीयूष गोस्वामी द्वारा उपस्थित सभी बच्चों को सूर्यनमस्कार, भ्रामरी, अनुलोम विलोम इत्यादि योगाभ्यास करवाए गए। साथ ही विद्यार्थी जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। योगाभ्यास के पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व फल वितरित किए गए।इस दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, सचिव डॉ. सविता गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, विशेष शिक्षिका शालिनी शर्मा, अंकित सेन, केशवी, रुद्र, ख्यांश, शुभम सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं बहरोड़ के गांव अनन्तपुरा स्थित सीआईएसएफ के महाराणा प्रताप क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया गया। इसका शुभारंभ डिप्टी कमांडेंट आरआर झा, डिप्टी कमांडेंट मानवेंद्र सिंह तंवर, असिस्टेंट कमांडेंट गौतम सहित अधिकारी और जवान मौजूद रहे। बहरोड़ के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड के द्वारा कोर्ट परिसर में योग का आयोजन किया गया। जिसमें एडीजे 1 न्यायाधीश आंचल अग्रवाल ने कहा योग हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। योग से हम हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।

योग हमारे शरीर में एक नई ऊर्जा उत्पन्न करता है।इस दौरान एसीजेएम रविंद्र प्रताप सैनी, एसीजेएम-1 नवीन कुमार किलानिया, एसीजेएम- 02 सुनीता जिंदोलिया, अभिभाषक संघ अध्यक्ष संजय कुमार, अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योग को करें अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल : सतीश चंद

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में हुआ योग शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर धौलपुर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश चंद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), धौलपुर द्वारा की गयी। न्यायाधीश सतीश चंद द्वारा बताया गया कि योग मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है। प्रतिदिन योग अभ्यास से हमें शारीरिक व मानसिक लाभ मिलते हैं अनेक तरह की बीमारियां बिना किसी चिकित्सा से स्वतः ही सही हो जाती हैं। योग हमारे अंदर तर्क संगत और सकारात्मक सोच पैदा करता है। वर्तमान समय में हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। शिविर में योग गुरू नेमीचंद अग्रवाल एवं नारायण सिंह युदवंशी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं हर्ट फुल नैम ड्रीम राकेश, बृजलाल, रामसहाय एवं हेमन्त ने ध्यान कराया। साथ ही प्रशिक्षक द्वारा योग की महत्ता व समस्त प्रतिभागियों से दैनिक रूप से योग अभ्यास किए जाने हेतु आग्रह किया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नम्रता पारीक, न्यायिक मजिस्ट्रेट आयुष गुप्ता व आकाश शर्मा एवं अध्यक्ष नीरज कटारा, महा सचिव बारऐसोसियेशन अधिवक्तागण सतीश शर्मा तथा प्रोटोकॉल अधिकारी गंभीरसिंह, कोर्ट मैनेजर बृजेश शर्मा, वरिष्ठ मुन्सरिम प्रदीप श्रीवास्तव, अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारीगण ओमबाबू शर्मा, गोपालसिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश बंसल , अतुल उपमन, नरेश त्यागी आदि न्यायिक कर्मचारीगण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में दिलाई स्वस्थ रहने के लिए शपथ

### योग की विभिन्न कलाओं का किया गया एक्पर्ट बालिकाओं द्वारा प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर का उपखंड स्तरीय कार्यक्रम अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में एसडीएम राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व में महाराणा प्रताप खेल मैदान में आयोजित होना था लेकिन बारिश के चलते खलल पड़ने की संभावना को लेकर ऐन वक्त पर स्थान बदल गया। योग कार्यक्रम के प्रभारी आयुर्वेद विभाग के बाड़ी चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेंद्र यादव रहे। इस दौरान योग एक्सपर्ट बालिकाओं द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया और उनका महतश्व समझाया। सभी योगो का सामूहिक रूप से कार्यक्रम में मौजूद लोगों द्वारा अनुसरण किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व योग का संकल्प दिलाते हुए योग कराने आई सभी बालिकाओं का मंच से सम्मान हुआ। बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बताया कि पूर्व में योग का उपखंड स्तरीय कार्यक्रम महाराणा प्रताप खेल मैदान में रखा गया था लेकिन गुरुवार से बदले मौसम के मिजाज के चलते बारिश की संभावना को देखते हुए देर रात्रि को योग शिविर कार्यक्रम का स्थान बदलने का निर्णय लिया गया। ऐसे में लोगों को सूचना देते हुए अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी छात्र-छात्रा एवं शहर के स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**योग शिविर में महिलाओं की संख्या दिखी कम :** योग शिविर में हालांकि सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया लेकिन महिलाओं की संख्या अपेक्षा के अनुकूल दिखाई नहीं दी। केवल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और महिला टीचर्स के अलावा अन्य महिलाओं ने योग को लेकर रुचि नहीं दिखाई। इस दौरान तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां,सीडीओ दाऊदयाल शर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष होतम सिंह,नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रविंद्र सिंह,योग शिविर प्रभारी डॉ वीरेंद्र यादव, सामान्य अस्पताल के डॉ पवन गोस्वामी, प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार, विनोद शर्मा, भारत विकास परिषद के पप्पू मल जिंदल,मुन्नालाल मंगल,सुरेश भारद्वाज,योग टीचर राजेश शर्मा,स्काउट टीचर टीकम जाट, सूबेदार मुकेश शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अपना घर में प्रभु सेवा के लिए बना नवीन भवन

### कलेक्टर ने किया लोकार्पण 121 बेड से युक्त भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** आश्रहीन,असहाय विक्षिप्त मरीजों की सेवा में समर्पित संस्था अपना घर का बाड़ी शहर में नवीन भवन बनाया गया है। जिसका लोकार्पण बुधवार की शाम धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपना घर के संस्थापक डॉ बी एम भारद्वाज सहित राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार सिंघल,राष्ट्रीय संरक्षक वीरपाल सिंह सहित तमाम पदाधिकारी और जिला एवं स्थानीय इकाई के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच से बोलते हुए कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने अपने उद्बोधन में कहा की अपना घर वास्तव में अपनो का घर है।



जिनका कोई नहीं है उनका यह घर है। यह वह आश्रय है जो विक्षिप्त,असहाय,मानसिक रूप से बीमार आश्रयहीन लोगों की सेवा प्रभु समझकर करता है। भरतपुर से शुरू हुई सेवा की इस मुहिम में आज अपना घर की तमाम शाखाएं देश में अलग-अलग शहरों में कार्यरत हैं।बाड़ी जैसे छोटे शहर में इस प्रकार एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन भवन का निर्माण बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम में बोलते हुए अपना घर के संस्थापक डॉ बीएम भारद्वाज ने कहा कि अपना घर का उद्देश्य है पीड़ित मानवता की सेवा करना,खासकर उनकी सेवा करना जिनका कोई नहीं है। पूर्व के वर्षों में विक्षिप्त और मानसिक रूप से बीमार लोग तरह-तरह की पीड़ा झेलते हुए गली-मोहल्लों और सड़कों पर देखे जाते थे लेकिन आज भरतपुर से लेकर धौलपुर और आसपास के जिलों में कहीं पर भी कोई आश्रयहीन व्यक्ति दिखाई नहीं देगा।

# पूर्व नगरपरिषद आयुक्त जांच में दोषी

## अशोक शर्मा पर गंभीर आरोप सिद्ध, इंदिरा रसोई में फर्जी भुगतान सहीत कई मामले

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (सुरेश मोमिया)।** झालावाड़ जिला कलक्टर अजय राठौर ने गत 14 जून को राजस्थान सिविल सेवा नियम के तहत कार्रववाई करते हुए यह आदेश दिया। उनके खिलाफ पूर्व जिला कलक्टर भारती दीक्षित के कार्यकाल में इन आरोपों के नोटिस दिए गए थे। जिनकी सुनवाई के दौरान शर्मा नियत तिथि पर उपस्थित नहीं हुए। उनकी ओर से भेजे गए जवाब के बावजूद पत्रावलियों में मौजूद तथ्यों के आधार पर आरोपों को प्रमाणित पाया।

**ये थे आरोप :** नगर परिषद की ओर से संचालित इंदिरा रसोई के संचालन का काम शर्मा ने एनयूएलएम के डीपीओ रहते हुए उनके अधीन कार्यकारी संस्था सीएलसी को सौंप दिया। यह कार्य उन्होंने कार्यवाहक आयुक्त रहते हुए अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अपने दूसरे पद के अधीन संस्था को लाभ पहुंचाने के लिए किया। जबकि सीएलसी का गठन केन्द्र सरकार की दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के कार्यक्रमों के संचालन के लिए किया गया है। सीएलसी की ओर से चलाई जा रही इन्दिरा रसोई में भोजन करने वाले लाभार्थियों के फोटो से फोटो खींचकर फर्जी भुगतान उठा लिया गया। ये फर्जीवाडा प्रमाणित होने और संस्था को ब्लैक लिस्टेड किए जाने के बावजूद शर्मा ने संस्था और दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि कार्रवाई के लिए तत्कालीन जिला कलक्टर भारती दीक्षित ने आदेश दिए थे जिनकी अवहेलना की गई। तत्कालीन जिला कलक्टर भारती दीक्षित ने इंदिरा रसोई संचालन के लिए नई निविदा जारी कर दूसरी संस्था को काम सौंपने के लिए आदेश दिए जिनकी भी अवहेलना की गई। मुख्य सचिव की विडियो कॉन्फ्रेंस में शहरी रोजगार गारंटी का अत्यंत घटिया प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। जबकि आयोजना विभाग की ओर से वीसी से पूर्व प्रजेंटेशन की विडियो बार बार मांगी गई लेकिन वो अंतिम समय तक नहीं भेजी। जिससे मुख्य सचिव ने गहरी नाराजगी जताई। जिला कलक्टर की जनसुनवाईयों में आए नगर परिषद से जुडे परिवादों को हवा में उडाया गया। कार्रवाई नहीं होने से परिवादी बार बार समस्या लेकर आते रहे और परेशान होते रहे। जिला कलक्टर ने आदेश की प्रति स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक और उप निदेशक को भेजते हुए दंड का इंद्राज दोषी की सेवा पुस्तिका में करने के लिए लिखा है।

## दोपहर की बारिश से उमस से मिली राहत, भामाशाह मंडी में अनाज भीगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर में शुक्रवार दोपहर जमकर बारिश हुई। करीब एक घंटे तक तेज बारिश होने के चलते लोगों को गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली। हालांकि एक घंटे की बारिश, निगम की अनदेखी और लापरवाही के चलते लोगों के लिए मुसीबत भी बन गई। कई बाजारों में पानी भर गया। दुकानों के अंदर तक पानी भराव हो गया। वहीं भामाशाह मंडी में रखा किसानों का अनाज भी भीग गया। पिछले कुछ दिनों से लगातार गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया हुआ था। शनिवार आठ बजे तक धूप निकल रही थी। इसके बाद अचानक मौसम पलटा और हवा चलने लगी। सुबह करीब ग्यारह बजे शहर में बादल छाए और दोपहर में अंधेरा जैसा हो गया। इसके बाद एक घंटे जमकर बारिश हुई। जिसके चलते गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। बारिश से शहर की सड़कों पर पानी बह निकला और नालों में उफान आ गया। इन्द्रा मार्केट और अग्रसेन बाजार की सड़कों पर पानी भर गया। स्थिति यह हो गई कि इन्द्रा मार्केट में दुकानों तक में पानी चला गया। भामाशाह मंडी में किसानों का लाखों का सामान भीग गया। किसान जो माल बेचने को लाए थे, उनमें चने, सरसों, गेहूं की बोरियां पानी में भीग गईं। जिंस भीगने से भाव भी कम मिलेंगे और पानी के साथ जिंस बह गए उसका नुकसान अलग से उठाना पड़ेगा।

## पारिवारिक विवाद में खूनी खेल, चाचा-भतीजे को उतारा मौत के घाट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** जिले के सांगोद इलाके में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। यह घटनाक्रम सांगोद के माल बावड़ी के नजदीक हुआ है। यहां रिश्ते में चाचा भतीजे मृत अवस्था में मिले। दोनों शव पर चोटों के निशान है। सूचना पर मौके पर पहुंची सांगोद थाने की टीम ने एफएसएल, एमओबी व डॉग स्क्वाड को बुलाया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। कोटा ग्रामीण के एसपी करण शर्मा के अनुसार दोनों मृतक सांगोद निवासी अशोक कुमावत और रवि कुमावत है। कुमावत परिवार का आपस में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस पारिवारिक विवाद के चलते ही चाचा और भतीजे अशोक और रवि पर उनके ही परिवार के दूसरे भाइयों और भतीजों ने हमला कर दिया। उस समय दोनों चाचा भतीजे अपने खेत पर जा रहे थे। खेत पर जाते समय दोनों पर लाठियों और कुल्हाड़ी से हमला किया गया। मौके पर कुल्हाड़ी भी मिली है। इसके चलते रवि और अशोक की मौत हो गई। इस मामले में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद जांच पड़ताल की गई. इस मामले में आरोपियों के खिलाफ परिजनों ने शिकायत दी है। इस पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें से चार आरोपियों को पुलिस ने डिटेन कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। दूसरी तरफ दोनों के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सांगोद अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। एसपी के अनुसार यह मामला पारिवारिक विवाद का मामला बताया जा रहा है। हत्या करने वाले लोग भी उनके ही रिश्तेदार हैं।

## बूंदी में पेयजल व्यवस्था ठप्प होने से जनता में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ बून्दी ।** भारतीय जनता पार्टी बून्दी के पूर्व जिला प्रवक्ता एडवोकेट अंचल राठौर ने कहा ने कहा कि पानी व बिजली की नियमित जलापूर्ति व 24 घंटे बिजली देने की सरकार की घोषणाओं पर अमल करें लापरवाह अधिकारियों की बदली करे। पूर्व जिला प्रवक्ता राठौर ने बताया कि बूंदी की सभी पेयजल व्यवस्था ठप्प पड़ी है। कांग्रेसराज के लगे सहायक कनिष्ठ अभियंता, कनिष्ठ अभियंता जानबूझकर शहर में पेयजल संकट पैदा करके भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों सामने जनता का आक्रोश बढ़ाने के लिए नई चाल चली है। उन्होंने बताया कि हर डिपार्टमेंट में यही हाल है, बिजली विभाग में भी यही हाल है निचले स्तर के अधिकारी व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। राजस्थान सरकार बजट पास करने में लगी है केंद्र सरकार अपने संसद सत्र शुरू करने में लगी है। केंद्र और राजस्थान सरकार का ध्यान कहीं और होने के कारण जनता के बीच ऐसी स्थिति पैदा करना एक सोची समझी चाल है। तहसील में पटवारी, तहसीलदार सब अपने मनमर्जी के हिसाब से जनता के कामों पर उदासीन हो रहे हैं। कोटा में जनप्रतिनिधि जनता के साथ जुड़े हुए रहते हैं उनके हर दुख सुख में साथी बनकर काम करते हैं जबकि बूंदी जिले में तो तीनों विधनसभा के जनप्रतिनिधियों की हार होने के कारण जनता के बीच उनके आमजन समस्याओं के प्रति रुचि नहीं निभा रहे हैं।

# 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को कपासन क्षेत्र में सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योग कलाओं के साथ योगाभ्यास कर मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रशासनिक अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों व युवा वर्ग द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कर उत्साहपूर्वक मनाया गया।जिसके अंतर्गत उपखंड क्षेत्र कपासन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांगच परिसर में शुक्रवार योग दिवस पर शारीरिक शिक्षक हीरालाल शर्मा द्वारा योगाभ्यास कराया गया।इस दौरान विद्यालय प्राचार्य डॉ. एलएल झामड़,भाजपा ग्रामीण मंडल के युवा नेता कैलाश सुखवाल,सरपंच शांतिलाल डांगी,उपसरपंच घनश्याम सिंह राणावत, ग्राम विकास अधिकारी रमेशचंद्र सालवी एवं विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। इधर 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर



स्थानीय न्यायालय परिसर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपासन डॉ. महेंद्र सोलंकी,अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निष्ठा पांडे एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम नाहर सहित बार एसोसिएशन कपासन के अधिवक्ता एवं न्यायिक कार्मिकों द्वारा योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार के साथ योग दिवस मनाया गया।अधिवक्ता गोविंद सिंह पंवार ने बताया कि योग कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,कोषाध्यक्ष संपत सुथार, अधिवक्ता सुरेशचंद्र बापना,हिम्मत सिंह जादव, रघुलाल लोहार,ठाकुरप्रसाद व्यास आदि उपस्थित रहे।यहां सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी न्यायालय परिसर में शुक्रवार 21 जून को योग दिवस मनाया गया।जिसमे न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फौजदार सहित उपस्थित कार्मिकगण उपस्थित रहे।ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि स्वस्थ एवं निरोगी रहने हेतु नियमित व्यायाम की महत्ती आवश्यकता है।इस साल योग दिवस 2024 की थीम महिला वर्ग पर आधारित है।महिला सशक्तिकरण के लिए योग है। भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि नगर में योग गुरु श्यामलाल टेलर की अगुवाई में नगर वासियों एवं भारत विकास परिषद के सदस्यों द्वारा शुक्रवार को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

जिसमें योग की विभिन्न योग कलाओ का अभ्यास करने के साथ योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर परिषद सदस्य बादशाह सिंह,प्रभुलाल टेलर,सुरेश पलोड,गोपाल सुथार,महेंद्रमोहन दाधीच, राहुल जैन,भगवतीलाल सोमानी,ओम न्याती, घनश्याम गौड़,राकेश शर्मा,रोशनलाल सेठ, रतनलाल आचार्य,विजयलक्ष्मी सोमानी,दिलीप बारेगामा,दिलीप सोमानी,भागीरथ चंदेल, भवानीशंकर जीनगर,सत्यनारायण पलोड,अंबालाल धोबी आदि गणमान्यजन एवं युवा उपस्थित रहे।

## आमजन की जागरूकता हेतु नगर पालिका कपासन ने स्टॉल लगाया एवं कपड़े की थैलियों का वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्टॉल लगाकर क्षेत्रीय आमजन को जागरूक किया तथा कपड़े की थैलियां वितरित की गयी। जानकारी अनुसार पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम में नगर पालिका कपासन द्वारा एसएमबी के अंतर्गत स्टॉल की प्रदर्शनी की गई।जिसमें महिला सशक्तिकरण का संदेश देती वेस्ट टू वेल्थ उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गयी। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक बेन के लिए आमजन में कपड़े की थैलियों का वितरण किया तथा आरआरआर सेंटर,कचरा प्रथकरण,होम कंपोस्टिंग आदि जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया।जिसका क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्यजनों द्वारा अवलोकन किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनाथपुरम स्थित स्टेडियम में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रात: 7 बजे श्रीनाथपुरम स्थित स्टेडियम में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस साल 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' रही। जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन सहित प्रशासन के अधिकारी, सभी राजकीय विभाग, स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग के विद्यार्थी एवं आमजन शामिल हुए। योग करने आये कुछ लोगों का कहना था कि योग से कई लोगों के जीवन में बदलाव आया है। मानसिक और शारीरिक रूप से लोग मजबूत बने हैं। कई बीमारियों से जूझ रहे लोगों को लगातार योग करने से फायदा भी मिला है। थायराइड और साइटिका जैसी बीमारियों से राहत मिली है। वह खुद साइटिका से परेशान थी। लगातार योग के चलते उन्हें इस परेशानी से छुटकारा मिला।कुछ का कहना था कि उन्हें थायराइड की परेशानी थी। बीपी भी बढ़ा हुआ था। ढाई तीन सौ एमजी की दवा खानी पड़ती थी। योग प्राणायाम से थाइरायड में काफी राहत मिली है। अब दवा भी 25 एमजी पर आ गई है। बीपी कंट्रोल रहता है। योग करने आये स्टूडेंटस का कहना था कि जब भी उन्हें समय मिलता है योग करते है। इससे दिमाग शांत रहता है। एकाग्रता बढ़ती है और पढ़ाई में मदद मिलती है।

## चरागाहों पर कर लिया खनन, जुर्माना तक नहीं वसूल पाया खान विभाग, विभाग के 22 करोड़ बकाया

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (सुरेश मोमिया)।** राज्य सरकार चरागाहों व सरकारी जमीनों के संरक्षण के लिए भले ही सख्त कदम उठा रही हो लेकिन झालावाड जिले में कोटा स्टोन खनन क्षेत्र के आसपास की चारागाहों पर खनन जारी है। ऐसे खान माफियाओं को चिन्हित करने के बावजूद खान विभाग इनसे जुर्माना राशि तक नहीं वसूल पा रहा है। ऐसे अवैध खननकर्ताओं के खिलाफ करीब साढ़े 14 करोड़ रूपए पैनल्टी बकाया है।

झालावाड जिले में 18 खान मालिकों पर खान विभाग के 22 करोड़ 5 लाख 78 हजार 633 रूपए बकाया है। इनमें से तीन बकायादार ऐसे भी हैं जो सरकारी भूमि पर अवैध खनन करते पकड़े जा चुके हैं। लीज क्षेत्र से हटकर दूसरी भूमि पर खनन करने के कारण खान विभाग इन पर भारी भरकम जुर्माना लगा चुका है। ऐसे अवैध खनन कर्ताओं पर 14 करोड़ 46 लाख रूपए वसूले जाने बाकी हैं। इनमें प्रदीप कुमार जैन पुत्र सरदार सिंह जैन के चरागाह खनन करते पाए जाने पर करीब 6 माह पूर्व 10 करोड 95 लाख रूपए की पैनल्टी लगाई थी। बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद विभाग यह रकम नहीं वसूल पाया है। जबकि अब्दुल मुजीब पर एक करोड 61 लाख और शकील मोहम्मद पर एक करोड 89 लाख रूपए अवैध खनन पेनल्टी के बकाया है।

### ऐसे चलता है अवैध खनन का खेल

जिले के झालरापाटन तहसील क्षेत्र के कनवाडा पंचायत के राजस्व गांव कनवाडा, झीझनी और नान्दियाखेडी तथा पचपहाड तहसील के भिलवाडी, परोलिया, रूणजी सहित कई गांवों में कोटा स्टोन की खनन लीज खान विभाग की ओर से जारी की गई है। इनमें करीब तीन दशक से कोटा स्टोन का खनन किया जा रहा है। जमीन में बेशकीमती पत्थर होने के कारण इस क्षेत्र की सरकारी चरागाह, नाले और नदियां अवैध खनन के कारण संकट में है। खनन माफिया अपनी लीज क्षेत्र से खनिज पत्थर निकालने के बाद आसपास स्थित सरकारी भूमि में खनन शुरू कर देता है। अत्याधुनिक मशीनों से कुछ ही महीनों में जमीन को खोदकर पत्थर निकाल लिया जाता है और एक से दो साल की अवधि में वापस भर दिया जाता है। अवैध खनन के इस खेल में कई खान विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होते हैं। इनको इस सारे खेल की जानकारी होने के बावजूद जब तक उच्च स्तरीय शिकायत नहीं हो कार्रवाई नहीं करते।

**इनका कहना :** 'वसूली के लिए नोटिस दिए हुए हैं नोटिस का जब टाइम पूरा हो जाएगा तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी'।

**देवीलाल बंसीवाल, एम इ खनिज विभाग झालावाड़ ।**

## डीन आईसीपी निर्वाचित होने वाले राजस्थान के दूसरे चिकित्सक बने डॉ. गिरीश माथुर

### इससे पूर्व डॉ. के. के. पारीक बने थे डीन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** शहर के वरिष्ठ फ़िज़िशियन डॉ. गिरीश माथुर , इण्डियन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस के डीन इलेक्ट पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

इण्डियन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस, देश में फिजिशियंस की अग्रणी संस्था एसोसिएशन ऑफ़ फिजिशियंस एकेडेमिक शाखा हे जो देशभर के फिजिशियंस एवं मेडिसिन में एमडी कर रहे स्नातकोत्तर चिकित्सकों के लिए विभिन्न शैक्षणिक एवं एजुकेशनल कार्यक्रम जैसे सेमिनार, वर्कशॉप, क्विज कंपीटिशन, कॉन्फ्रेंसेज आदि आयोजित करती है। इण्डियन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस देश के वरिष्ठ एवं मेधावी फिजिशियंस को फेलोशिप भी प्रदान करती हे। इण्डियन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस के डीन इलेक्ट पद के लिए डॉ. गिरीश माथुर के अतिरिक्त चेन्नई, देहली, कोलकता, हैदराबाद एवं भुवनेश्वर के पाँच वरिष्ठ फिजिशियंस इस पद के दावेदार थे किंतु नाम



वापसी के अंतिम दिन सभी ने अपना नामांकन वापस लेकर डॉ. माथुर के निर्विरोध निर्वाचन का मार्ग प्रशस्त कर दिया। डॉक्टर माथुर वर्ष 2023 में एसोसिएशन ऑफ़ फिजिशियंस के नेशनल प्रेसिडेंट रह चुके हैं। डॉक्टर माथुर के पूर्व कोटा के ही वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर के के पारीक वर्ष 2016 में इंडियन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियंस के डीन रह चुके हैं। कोटा के इन दो चिकित्सकों के अतिरिक्त राजस्थान से कोई फिजिशियन इस पद पर नहीं पहुँचा है। डॉक्टर माथुर के निर्वाचन से कोटा एवं समस्त राजस्थान के फिजिशियंस में हर्ष की लहर दोड़ गयी एवं सभी ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

## शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान : जयपुर के डी मार्ट में नकली सरस मिलने पर कोटा के डी मार्ट स्टोर का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि 20 जून को जयपुर स्थित डी मार्ट में नकली सरस एंव प्रो वेदिक घी



मिलने की सूचना पर आज कोटा के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सुबह कुन्हाड़ी स्थित डी मार्ट स्टोर का निरीक्षण किया। डी मार्ट के स्टोर मैनेजर ने बताया कि कोटा में दो स्टोर हैं और दोनों में ही जयपुर से माल नहीं आता, सरस घी भी कोटा स्थित सरस डेयरी से सीधा आता है, मौके पर सरस डेयरी कोटा से क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी आशा नागर व मार्केटिंग इंचार्ज लक्ष्मण सिंह जादौन ने उपस्थित होकर डी मार्ट स्टोर पर सप्लाई किये जा रहे सरस घी की असली होने की पुष्टि की,साथ ही प्रो वैदिक घी डी मार्ट में नहीं पाया गया। साथ ही मार्केट में अन्य स्थानों का निरिक्षण करने पर भी प्रो वैदिक घी की सप्लाई कोटा में नहीं पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लाडपुरा स्थित एक डेयरी का निरीक्षण कर घी व दूध के दो नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिये गए नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी । टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन व सहायक चेतराम मीणा मौजूद रहे।

## निशुल्क सुरक्षा चेकअप अभियान शुरू

बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार स्थानीय भारत गैस के डिस्ट्रीब्यूटर मोहन गैस एजेंसी ने अपने उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क सुरक्षा (सेफ्टी) चेकअप अभियान शुरू किया है। जिसके तहत एजेंसी का रिफिल डिलीवरी बॉय घर घर जाकर एलपीजी गैस चूल्हे एवं सिलेंडर से उपभोक्ताओं की सुरक्षा की जांच करेंगे। साथ ही गैस चूल्हा सुरक्षा नली (रबर ट्यूब) इत्यादि की जांच की जाएगी। इस दौरान अगर गैस पाइप खराब हुई तो 190 रुपए कीमत की पाइप मात्र ?150 रुपए में रिप्लेस किया जाएगा एजेंसी मालिक पंकज शर्मा ने बताया कि कंपनी ने यह अभियान सभी उपभोक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए चलाया है। शर्मा ने यह भी बताया कि पहले इसी जांच के उपभोक्ता से 236 रुपए लिए जाते थे । लेकिन अभियान के तहत अब यह जांच कंपनी निशुल्क कर रही है। ऐसे में एजेंसी संचालक ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि। इस सुरक्षा अभियान का उपभोक्ता पूरा लाभ उठा सकते हैं।

## अग्निशमन के उचित प्रबंध नहीं होने पर कोचिंग संस्थानों के परिसर में सीज की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** नगर निगम कोटा दक्षिण की अग्निशमन अनुभाग की टीम ने शुक्रवार को दो कोचिंग संस्थानों के परिसर में कार्रवाई की है। अग्निशमन के उचित प्रबंध नहीं होने और अनियमिताओं के चलते परिसर के कुछ हिस्से को सीज भी किया गया है। यह कार्रवाई कोटा में अनअकैडमी और फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान पर हुई है। इनके संबंध में नगर निगम के अग्निशमन अनुभाग ने पहले भी दोनों कोचिंग संस्थानों को कई



बार नोटिस दिए हैं। इसके बावजूद भी इन्होंने अग्निशमन के उचित प्रबंध नहीं किए, जिस पर कार्रवाई की गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार टीम ने निरीक्षण कर अनियमितताएं पाए जाने पर अनअकैडमी और फिजिक्स वाला कोचिंग संस्थान के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, कॉन्फ्रेंस, मीटिंग और मार्केटिंग रूम को सीज किया है। उन्होंने बताया कि दोनों कोचिंग संस्थानों को मौखिक को लिखित रूप में कई बार निर्देशित किया गया था, लेकिन उन्होंने अग्निशमन के उचित प्रबंध नहीं किया।यहां पर हजारों की संख्या में बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्य ठीक से नहीं हो पाते हैं। इसलिए कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई जरूरी थी. दोनों संस्थानों को 15 दिवस का समय दिया गया कि समस्त अनियमिताओ को दुरुस्त कराएं। ऐसा नहीं करने पर पूरे भवन कोशिश कर दिया जाएगा। इसके बाद कोचिंग संस्थान में बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। फिजिक्सवाला कोचिंग संस्थान की बिल्डिंग में अतिरिक्त पंप यूनिट लगाने के लिए निर्देशित किया था, ताकि डीजल पंप, अग्निशमन वाहन व हाइड्रोलिक लेडर प्लेटफार्म की आसानी से पहुंच हो जाती। इसी तरह अनअकैडमी कोचिंग संस्थान को भी अग्निशमन वाहन की आसानी से पहुंच व अग्निशमन प्रावधान कार्यशील अवस्था में रखने के लिए कहां था।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# नड्डा 6 महीने और भाजपा अध्यक्ष रह सकते हैं : 4 राज्यों के इलेक्शन तक नेशनल प्रेसिडेंट चुनाव टालने पर विचार



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी इस साल 4 राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव तक जेपी नड्डा को अध्यक्ष बनाए रख सकती है। इन चुनावों में अभी 6 महीने हैं। नड्डा अभी केंद्रीय मंत्री भी हैं, लिहाजा उनके दैनिक क्रियाकलाप के संचालन के लिए किसी महासचिव को कार्यकारी अध्यक्ष बना सकते हैं। सुनील बंसल व विनोद तावड़े के नाम सबसे आगे हैं। नड्डा का कार्यकाल इसी साल जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया गया था। जुलाई में पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना था। लेकिन भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि नए अध्यक्ष के चुनाव से पहले संगठनात्मक चुनाव की जरूरत होती है। इसमें 6 महीने का समय लगता है।

**बाद में पूर्ण अध्यक्ष का जिम्मा कार्यकारी को संभव**- सूत्रों का कहना है कि जिसे कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी, भविष्य में उसे पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया जा सकता है। चूंकि पार्टी अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है। इसलिए नया अध्यक्ष अक्टूबर-नवंबर 2025 के बिहार, 2026 के पश्चिम बंगाल और 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव (2027) के लिए अपनी नई टीम पर्याप्त समय रहते बना सकता है। वहीं, 2028 में जब नए अध्यक्ष को चुनने का समय आएगा तो 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए उसे लगभग डेढ़ साल तक का समय तैयारियों के लिए मिलेगा।

# तमिलनाडु शराब कांड-मरने वालों की संख्या 47 हुई

**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। इनमें से 24 तो एक ही गांव करुणापुरम के थे। 20 जून को सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक जे. संगुमनी के मुताबिक अभी भी 30 की हालत गंभीर बताई गई है। उधर, शराब कांड के तीन आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन्हें कड्डुलोर जेल में रखा गया है। तीनों आरोपी 5 जुलाई तक हिरासत में रहेंगे। जहरीली शराब के कारण अपने बेटे को खोने वाली एक महिला ने रोते हुए बताया कि बेटे को पेट में बहुत दर्द था। वो ठीक से अपनी आंखें भी नहीं खोल पा रहा था।

# भारतीय सेना ने मनाया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** एकता और सद्भाव के शाश्वत अभ्यास का उत्सव मनाते हुए भारतीय सेना ने पूरे देश में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों पर सेवारत कर्मियों, उनके परिवारों, बच्चों, दिग्गजों, एनसीसी कैडेटों और नागरिकों की भारी भागीदारी देखी गई।

उत्तर में सियाचिन ग्लेशियर (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) की ठंडी ऊंचाइयों से लेकर कन्याकुमारी (तमिलनाडु) के तटीय क्षेत्रों और अंडमान निकोबार के अपतटीय द्वीपों पर तैनात सैनिकों ने भी योग किया। यह अवसर पश्चिम में लोंगेवाला (राजस्थान) और कच्छ (गुजरात) के इलाकों से लेकर पूर्व में किबिथु (अरुणाचल प्रदेश) और इंफाल (मणिपुर) के पहाड़ी इलाकों में भी मनाया गया। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने प्राचीन शहर मथुरा में आयोजित इस समारोह में सभी सैन्य अधिकारियों और उनके परिवारों के साथ भाग लिया। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। दिल्ली में, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिल्ली छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड में मनाया गया, जहां सेवारत भारतीय सेना के जवान, मित्र देशों के रक्षा अताशे अपने परिवारों के साथ और एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। दिल्ली में योग सत्र का नेतृत्व उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने किया। भारत के अलावा, दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र मिशनों में तैनात सभी भारतीय सेना की टुकड़ियों ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।



# दिल्ली जल संकट- आतिशी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

## राजघाट में श्रृद्धांजलि से शुरू किया अनशन; आरोप- हरियाणा पूरा पानी नहीं दे रहा

नई दिल्ली।

हरियाणा से रोज 100 मिलियन गैलन पानी दिए जाने की अपनी मांग को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी 21 जून से भूख हड़ताल कर रही हैं। हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, AAP सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद थे।

आतिशी दक्षिण दिल्ली के भोगल में भूख हड़ताल कर रही हैं। उनका आरोप है कि हर कोशिश के बावजूद, हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं रिलीज रही है। हड़ताल के दौरान संजय सिंह ने कहा- हम इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए छतों पर पानी रख देते हैं। इंसानों के लिए प्याऊ चलाये जाते हैं, लेकिन क्ष्र्छ्रक्क वालों के अंदर इतनी क्रूरता भरी है कि वे दिल्ली के लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसा रहे हैं। आतिशी ने ङ्ग पर पोस्ट में लिखा- दशकों पहले, बापू ने स्वदेश के लिए, आम लोगों के अधिकार के लिए सत्याग्रह का रास्ता अपनाया था। आज उनके दिखाए रास्ते पर मैं दिल्ली के लोगों के लिए अनशन पर बैठ रही हूं।




### सुनीता केजरीवाल बोलीं- उम्मीद है आतिशी की तपस्या सफल होगी

अनशन बैठने के बाद दिल्ली ष्टरू केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा- हरियाणा सरकार से अपील करने के लिए दिल्ली की मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन समय के लिए सत्याग्रह करने जा रही हैं। वह कुछ भी नहीं खाएंगी, केवल पानी पिएंगी। वह दिल्ली के प्यासे लोगों के लिए ऐसा कर रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली के लोगों की पीड़ा को टीवी पर देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। उन्हें उम्मीद है कि आतिशी की तपस्या सफल होगी और लोगों को कुछ राहत मिलेगी। सुनीता बोलीं- केजरीवाल जी का कहना है कि प्यासे को पानी पिलाना तो हमारे कल्चर में है। दिल्ली को पानी पड़ोसी राज्यों से मिलता है। इस हीटवेव में हमने चाहा था कि पड़ोसी राज्य हमें सपोर्ट करेंगे, लेकिन हरियाणा ने ऐसा नहीं किया। हालांकि, दोनों राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकार है, लेकिन क्या यह समय राजनीति करने का है।

# पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना विकास की कोशिश होनी चाहिए : प्रियंका



नई दिल्ली (एजेंसी)।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भीषण गर्मी और लू के कारण हुई कई मौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि विकास इस तरह से होना चाहिए कि पर्यावरण को नुकसान नहीं हो और लोगों की तरक्की भी हो सके।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कई राज्यों में बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने संबंधी खबरें देखीं। दूसरी तरफ, गर्मी से पूरे देश में मौतें हो रही हैं। बढ़ता तापमान नये रिकॉर्ड बना रहा है। इस बार अप्रैल का महीना जलवायु के इतिहास में सबसे गर्म अप्रैल के रूप में दर्ज हुआ है।'' प्रियंका गांधी ने कहा कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन हमें ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, '' हम सबको मिलकर ऐसे विकास की कोशिश करनी होगी, जो हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना हमें आगे बढ़ाए।

# राजस्थान में हर महीने निकलेगी वैकेंसी : सीएम भजनलाल

## कहा : कॉलेज लेक्चरर के रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अब हर महीने वैकेंसी निकाली जाएगी। यह ऐलान सीएम भजनलाल शर्मा ने किया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई कर्मचारी रिटायर होगा, उसके पद पर वैकेंसी निकाली जाएगी ताकि बैकलॉग जैसी समस्याओं से युवाओं को परेशान न होना पड़े।

उन्होंने यह भी कहा- सरकार कॉलेज लेक्चरर के रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने पर मंथन कर रही है। सीएम आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन में पहुंचे थे। अधिवेशन में उन्होंने कहा- सरकार के गठन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए मैं युवाओं से कहना चाहता हूं, आप किसी भी तरह की चिंता न करें। हमारी सरकार में कोई भी पद खाली नहीं रहेगा। हम हर महीने वैकेंसी निकालेंगे।

### कांग्रेस सरकार ने बिना सोचे खोल दिए स्कूल-कॉलेज, टीचर ही नहीं

सीएम ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बिना शिक्षकों के ही बड़ी संख्या में कॉलेज खोल दिए थे। उनमें न कोई स्थाई शिक्षक है और न ही प्राचार्य हैं। इसलिए हमारी सरकार ने इन सभी कॉलेज के रिव्यू के लिए हाई पावर कमेटी का गठन किया है, जो इन कॉलेज का निरीक्षण करेगी। वहां की कमियों को कैसे दूर किया जा सकता है, इस पर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार कॉलेज में शिक्षकों के रिटायरमेंट की आयु सीमा को बढ़ाकर 65 वर्ष करने पर भी मंथन कर रही है। इसके साथ ही प्रत्येक विभाग में हर साल कर्मचारियों का प्रमोशन हो, उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। इसको लेकर हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

सीएम ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा- कांग्रेस ने जहां टीचर नहीं थे, वहां स्कूल खोल दिए। जहां प्रोफेसर नहीं थे, वहां कॉलेज खोल दिए। प्रदेश के कॉलेजों में आज स्टूडेंट्स की संख्या 11, 15 और 20 है। जो कांग्रेस सरकार के कारनामों की पोल खोलती है। जल जीवन मिशन में भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने काले कारनामे कर दिए, जिसका नुकसान अब जनता उठा रही है।




### पूर्व सरकार ने सिर्फ कागजों में काम किया, धरातल पर नहीं

सीएम ने कहा- कांग्रेस सरकार ने बिना तैयारी के प्रदेश में कॉलेज खोलने का काम किया। जिसका नुकसान राजस्थान के स्टूडेंट्स को उठाना पड़ रहा है। कॉलेज खोलने में कोई बुराई नहीं थी, लेकिन उसकी तैयारी करनी चाहिए थी। इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षकों की भर्ती तक सभी काम प्लानिंग से होने चाहिए थे। लेकिन, पूर्व सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया। इसकी वजह से आज प्रदेश के काफी कॉलेजों की दुर्दशा हो रही है। भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही इस तरह का कृत्य नहीं किया। बल्कि, हर क्षेत्र में, हर विभाग में इस तरह बिना तैयारी के ही योजनाओं को लागू किया गया था। इसका नुकसान आज प्रदेश की जनता को उठाना पड़ रहा है। हमारी सरकार ने पिछले 6 महीने में काफी योजनाओं को लागू किया है। उन्हें लागू करने से पहले हमने धरातल पर काम किया। उन योजनाओं को कैसे शुरू किया जाएगा, उन योजनाओं को लागू करने के लिए क्या जरूरी होगा। इन सब पहलुओं का अध्ययन किया और उसके बाद उन योजनाओं को धरातल पर लाया गया। पूर्व सरकार ने धरातल पर काम नहीं किया, सिर्फ कागजों में ही योजनाओं को बना दिया।

# राजस्थान में फिर चिंकारा का शिकार, लोगों का फूटा गुस्सा

## डीप फ्रीजर में हिरणों का शव रखकर सड़क को किया जाम

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में 1998 में हम साथ-साथ हैं फिल्म की शूटिंग के दौरान शिकार के बाद चिंकारा हिरण चर्चा में आया था। अब एक बार फिर चिंकारा के शिकार का मामला सामने आया है। अनूपगढ़ जिले के रायसिंहनगर इलाके में 2 चिंकारा का शिकार किया गया है। गांव डाबला के पास चक 2 एलसी की रोही में चिंकारा के शव मिले। इससे लोगों में गुस्सा फैल गया। आक्रोशित लोगों ने चिंकारा के शव डीप फ्रिजर में सड़क पर ही रखकर रास्ता जाम कर दिया।



**चिंकारा के शरीर पर गोली के निशान**-गांव डाबला के पास 2 चिंकारा के मृत मिलने के मामले में ग्रामीणों का रोष अब भी जारी है। गुस्साए लोगों ने जैतसर-पदमपुर रोड जाम कर दिया। ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। चिंकारा के शरीर पर गोली के निशान मिले है। ग्रामीणों का कहना है कि हिरणों को इस तरह मारा जाना उचित नहीं है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# लोकसभा के पहले सत्र में सरकार को घेरेगा विपक्ष

**नई दिल्ली।** आम चुनाव में ताकत बढ़ने के बाद विपक्ष 24 जून से शुरू हो रहे लोकसभा के पहले ही सत्र में मोदी सरकार को घेरने की तैयारी में है। इंडिया ब्लॉक की रणनीति सामूहिक ताकत दिखाने की है। फोकस तीन मुद्दों नीट, अग्निवीर योजना और एग्जिट पोल से शेयर बाजार में उथल-पुथल से करोड़ों रुपए इधर से उधर होने पर रहेगा। इन तीनों मुद्दों पर सरकार बैकफुट पर है। भाजपा के सहयोगी दल भी नीट और अग्निवीर को लेकर अलग खड़े दिख रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस इन तीनों मुद्दों पर विपक्ष को पूरी तरह साथ लेकर चलने की रणनीति अपनाएगी।

मोदी सरकारी लोकसभा में घटी हुई ताकत को देखते हुए विपक्षी दल नीट और अग्निवीर जैसे मामलों से उपजे जनाक्रोश को जोर शोर से सदन में प्रकट करना चाहते हैं। वहीं, भाजपा और उसके सहयोगी दल सदन में सकारात्मक चर्चा को लेकर माहौल बनाने के रास्ते पर चलते दिखाई दे रहे हैं। दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के माध्यम से मोदी सरकार अपने अगले 5 साल के एजेंडे की झलक देगी। नीट परीक्षा- इंडिया गठबंधन इस विवाद को लेकर संसद में सरकार से दो-दो हाथ करने लिए के मुस्तैद है।

# डोटासरा बोले-पर्ची से मुख्यमंत्री बनाना सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा

## कहा- सक्षम नेता को सीएम नहीं बनाते, इन्हें कठपुतली चाहिए, बीजेपी नेता भ्रष्टाचार के कागज देने फोन कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी और केंद्र, राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला है। डोटासरा ने कहा- देश में एक और घोटाला चल रहा है, ये जो पर्चियों से मुख्यमंत्री बना रहे हैं, यह भी आने वाले समय में देश का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा। ये सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे, इनको पपेट चाहिए जो इनके इशारे पर काम कर सके।

दरअसल, शुक्रवार को नीट पेपर लीक के विरोध में कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेस का धरना प्रदर्शन था। इस धरने में डोटासरा ने सीएम भजनलाल शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा- इन्हें ऐसे कठपुतली चाहिए जो दिल्ली फोन करें कि प्रधानमंत्रीजी सो जाऊं क्या, अमित शाह जी उठ जाऊं क्या? आज अमित शाह जी में नागौर का दौरा कर लूं क्या? आज अमित शाह जी मैं बाड़मेर चला जाऊं क्या? प्रदेश में हो क्या रहा है? पर्ची देकर कितने दिन सरकार चलाओगे? यह क्या मजाक चल रहा है? डोटासरा ने कहा- शिक्षा मंत्री रहते मेरे पर आरोप लगाए, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाए। अगर बेईमानी की है और तुम्हारी में हिम्मत है तुम पकड़ कर बताओ। बातें करना बहुत आसान है आरोप लगाना बहुत आसान है, सत्ता लूटने के लिए जो पर्सेप्शन क्रिएट किया गया वह ज्यादा दिन नहीं चलेगा। अपराधी को पकड़ोगे तो कंधे से कंधा मिलाकर मदद करेंगे लेकिन रोजाना भाषण बाजी करना फोटो खिंचवाना यह शोभा नहीं देता है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )